www.bharatsamvad.in
R.N.I.No- UPHIN/2009/30939

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
प्रयागराज, लखनऊ तथा मुम्बई से एक साथ प्रकाशित

ऐप में पढ़े
E-PAPER
भारत संवाद
Scan for E-Paper
or
Search on Play
store Bharat
Samvad E-Paper

**मौसम**
अधिकतम तापमान 39.c
30.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 101.700g
चांदी 106.000 kg

2 अमेरिका-पाकिस्तान फिर एक साथ, भारत को लंबे कूटनीतिक एवं सैन्य संग्राम के लिए कमर कसनी होगी
जंग में हर दिन 6000 करोड़ खर्च कर रहा इजराइल 06

वर्ष :17 | अंक :80 | प्रयागराज , शनिवार , 21 जून , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 1: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### भारी बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन की खबरें, आईएमडी ने अलर्ट जारी किया

हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में भूस्खलन हुआ। स्थानीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को 22, 23, 25 और 26 जून को अलग-अलग जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की। धर्मशाला-चतारो-गग्गल मार्ग पर भूस्खलन के कारण यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारी फिलहाल सड़क साफ करने के काम में लगे हुए हैं। इसके अलावा, ऊपरी शिमला क्षेत्र में टौनी-हाटकोटी सड़क का एक हिस्सा भी भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन के कारण धर्मशाला-चतरो-गगल मार्ग पर यातायात बाधित हो गया है और सड़क को दोबारा चालू करने का काम जारी है। वहीं, अपर शिमला क्षेत्र में ताउणी-हाटकोटी मार्ग का एक हिस्सा भी भूस्खलन की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पंडोह के शहीद इंदर सिंह मिडिल स्कूल में जलभराव की खबरें भी सामने आई हैं, जिससे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने रविवार, सोमवार, बुधवार और बृहस्पतिवार के लिए कुछ स्थानों पर अत्याधिक भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट और मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

### छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया

पिछले काफी समय से नक्सलियों को जड़ से मिटाने की मुहीम चल रही है। काफी नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया तो कुछ ने हमला किया। सुरक्षाबलों ने हर तरह से नक्सलियों से निपटने की तैयारी कर रखी है। हाल ही में नक्सियों के एक दर्दनाक हमले में एक अधिकारी की मौत हो गयी थी। अभी नक्सलियों से सरकार की जंग जारी है। ताजा मामले में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने पीटीआई–को बताया कि जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाटोला और कलपर गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। एलेसेला ने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र के अंतर्गत कोटरी नदी के किनारे आमाटोला और कलपर गांव के मध्य जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने के बाद जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि आज सुबह जब सुरक्षाबल के जवान आमाटोला-कलपर गांव के मध्य जंगल में थे तब उनके और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

# सीएम योगी ने किया गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का लोकार्पण

**लोकार्पण**

इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देने से बीमारू के दंश से उबरकर इमर्जिंग स्टेट बना यूपी : मुख्यमंत्री. अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पहुंचा योगी का एक्सप्रेसवे, व्यापार को लगेंगे पंख. सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे. पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और मरीजों के लिए वरदान साबित होगा एक्सप्रेसवे. नेपाल के साथ सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्तों को मजबूत करेगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे.

## इंफ्रास्ट्रक्चर की गति बढ़ने से होगी प्रगति तो आएगी समृद्धि : सीएम योगी



### 2017 के पहले यूपी में था बुनियादी सुविधाओं का अभाव

*मुख्यमंत्री ने 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की दशा का उल्लेख करते हुए कहा कि तब उत्तर प्रदेश में विकास की बात तो दूर थी, यहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव था। गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिलता था। परम्परागत उद्यम बंदी के कगार पर थे। एक जिला एक माफिया पिछली सरकारों की देन थी। तब विकास की योजनाओं में बंदरबांट और माफिया का वर्चस्व था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2017 के बाद का उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त राज्य बन चुका है। अब यह देश में पर्यटन और निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले यूपी में यह पता ही नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, पर अब यह प्रदेश एक्सप्रेसवे के नए संजाल से अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रहा है।*

### यूपी में अब पहचान का संकट नहीं

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं के सामने अब पहचान का संकट नहीं है। पांच दिन पूर्व गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में 60 हजार से अधिक युवाओं को पुलिस में नियुक्ति का पत्र दिया गया। इसमें 12045 बेटियों की भर्ती हुई है। आजादी के बाद 2017 तक यूपी पुलिस में सिर्फ दस हजार महिलाओं की भर्ती हुई थी, अब यह संख्या 40 हजार से अधिक हो चुकी

एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (ढांचागत विकास) की गति बढ़ेगी तो प्रगति भी तेजी से होगी। प्रगति तेज होने पर समृद्धि अपने आप आएगी। समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि उसके अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज गति से विकास किया जाए। सीएम योगी शुक्रवार को रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का उत्कृष्ट उपहार देने के सिलसिले को जारी रखते हुए 7283.28 करोड़ रुपये की लागत से बने 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के अवसर पर भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा दुनिया के विकसित देशों का विकास उनके बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर की ही देन है। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया गया, उसका ही परिणाम है कि यूपी अब बीमारू राज्य की बदनामी से उबरकर इमर्जिंग स्टेट के रूप में पहचाना जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं होते। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उत्तर प्रदेश अब युवा ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। उन्होंने बिना दो नेताओं का नाम लिए कहा कि पुलिस सहित सरकारी भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती। उन्होंने गृह मंत्री के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि यूपी में अब पर्ची-खर्ची के बिना पारदर्शी तरीके से भर्ती होती है। मुख्यमंत्री ने कहा आठ साल में अकेले यूपी पुलिस में 2.16 लाख भर्ती हुई है।

**पहले भर्ती होती तो वसूली पर निकल जाती चाचा-भतीजा की जोड़ी : सीएम**

# पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया

## सीवान रैली में राजद-कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वो कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन, पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई की गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई।



### खाली अनाप-शनाप करता है, काम कुछ नहीं किया, पीएम मोदी के सामने लालू-राबड़ी पर भड़के नीतीश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल, रेल और बिजली क्षेत्र सहित कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जब से यहां एनडीए की सरकार बनी है, तब से हमने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है... लेकिन उससे पहले की सभी सरकारें, जो अब बेकार की टिप्पणियां करती रहती हैं, उन्होंने कभी कुछ नहीं किया। लोग अपने घरों से भी नहीं निकल पाते थे, और उस समय बिहार में ऐसी बुरी स्थिति थी। क्या आपने पहले कभी इतनी बड़ी भीड़ देखी है जितनी आज पीएम मोदी के लिए यहां जुटी है? नाम लिए बगैर राजद पर निशाना साधते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमसे पहले जो लोग थे उनसे पूछना चाहिए कि पहले क्या हाल था? पहले लोग घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। आज इतनी बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात को सुनने पहुंचे हैं। आज महिलाएं घर से निकल रही हैं। हमने महिलाओं के लिए बहुत काम किया है. हमने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया और राज्य में पुल-पुलिया का निर्माण कराया। गौरतलब है कि पीएम मोदी का यह दौरा आगामी राज्य चुनावों से पहले बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों के बीच हो रहा है, विशेष रूप से बिहार में, जहां भाजपा-जद(यू) गठबंधन विपक्षी भारतीय ब्लॉक से मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है।

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सिवान में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए कहा कि मुझे बिहार के लिए और कुछ करना है। मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया। उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वो कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन, पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई की गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश जी के नेतृत्व में सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है। और मैं बिहार वासियों को विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो, करते रहे हैं, करते रहेंगे। लेकिन इतने से शांत होकर रहने वाला मोदी नहीं है।

# भावुक होकर रो पड़ीं राष्ट्रपति मुर्मू

## देहरादून में दिव्यांग बच्चों ने बर्थडे पर गाना गाया

राष्ट्रपति मुर्मू ने सभा के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा मैं अपने आंसू नहीं रोक पाई। उन्होंने अपने दिल से गाया और बहुत खूबसूरती से गाया। 19-21 जून के अपने दौरे के हिस्से के रूप में, राष्ट्रपति मुर्मू न परिसर का दौरा किया, जहाँ उनका राष्ट्रपति निकेतन का उद्घाटन करने और सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में भाग लेने का कार्यक्रम है।

एजेंसी



उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार (20 जून) को उस समय भावुक हो गईं, जब देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों ने उनके 67वें जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष जन्मदिन गीत प्रस्तुत किया। इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि से राष्ट्रपति की आंखों में आंसू आ गए, क्योंकि छात्रों के भावपूर्ण प्रदर्शन को सुनते हुए वह अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रही थीं। इस पल की तस्वीरें और वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसे नेटिजन्स से व्यापक प्रशंसा और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभा के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा मैं अपने आंसू नहीं रोक पाई। उन्होंने अपने दिल से गाया और बहुत खूबसूरती से गाया। 19-21 जून के अपने दौरे के हिस्से के रूप में, राष्ट्रपति मुर्मू ने परिसर का दौरा किया, जहाँ उनका राष्ट्रपति निकेतन का उद्घाटन करने और सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में भाग लेने का कार्यक्रम है। वह परिसर के भीतर कई बुनियादी ढाँचे और विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने वाली हैं। इसके अलावा, वह राष्ट्रपति निकेतन की जैव विविधता पर एक पुस्तक का विमोचन करेंगी, जो प्रशासन के स्थिरता और पर्यावरण जागरूकता पर ध्यान केंद्रित करने को रेखांकित करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने राष्ट्रपति को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने मुर्मू के जीवन और नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, सार्वजनिक सेवा, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता आशा और शक्ति की किरण है.

# ईरान ने भारतीय लोगों के लिए खोला एयरस्पेस

## इजराइल के कई शहरों पर ईरान के ताजा हमले हाइफा में मिसाइल गिरी, 14 घायल

सुबह ईरान ने इजराइल के बीशेर्बा शहर में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। ईरान ने गुरुवार को बीशेर्बा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

एजेंसी

ईरान ने शुक्रवार शाम इजराइल के कई शहरों पर फिर से हमले किए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हाइफा में मिसाइल गिरने से 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें एक 16 साल के नाबालिग सहित तीन की हालत गंभीर है। ईरान और इजराइल के बीच जंग का आज आठवां दिन है। इजराइल से जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय नागरिकों का वहां से रेस्क्यू करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीयों को लेकर एक फ्लाइट शुक्रवार रात और दो फ्लाइट्स शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेगी। इन फ्लाइट्स की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। ये फ्लाइट्स ईरान के मशहद से उड़ान भरेंगी और दिल्ली में उतरेंगी। इससे पहले 110 भारतीय स्टूडेंट्स 19 जून को ईरान से भारत पहुंचे थे। हालांकि, इन्हें लैंड बॉर्डर के रास्ते ईरान से निकाला गया था। क्योंकि 13 जून अमेरिका बोला- ईरान परमाणु बम बनाने के करीब, सिर्फ खामेनेई के आदेश का इंतजार न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है।



### सुप्रीम कोर्ट ने मदुरै में अवैध मंदिर गिराने पर लगाई रोक, पक्षों को सुनने का आदेश

एजेंसी

नई दिल्लीः तमिलनाडु के मदुरै में एक मंदिर को गिराने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने अस्थायी रूप से रोक लगा दी है. यह मंदिर कथित तौर पर बिना वैध अनुमति के अपार्टमेंट परिसर की खुली जगह पर बनाया गया था. मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने की.

# एसयूवी और ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत

## हादसा पुरुलिया जिले में एनएच-18 पर हुआ

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामशोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 18 पर हुआ, जब पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

एजेंसी



पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामशोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 18 पर हुआ, जब पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे। नामशोल में बोलेरो की तेज रफ्तार ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई। पीड़ित पुरुलिया के बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के अदबाना गांव से झारखंड के नीमडीह थाना क्षेत्र के तिलाईटांड जा रहे बोलेरो वाहन में सवार थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने की सीमा के भीतर नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, राजमार्ग पर एक एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पहचान से परे क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसयूवी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय निवासी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

# हैदराबाद में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर इजरायल विरोधी प्रदर्शन

## कई हिरासत में लिए गए

अधिकारियों ने इलाके में सुरक्षा भी बढ़ा दी है और अधिकारियों ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है और शांति सुनिश्चित करने के लिए इलाके पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस बीच, तेलंगाना सीपीआई(एम) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से कहा कि पुलिस ने पार्टी के राज्य सचिव जॉन वेस्ले और अन्य नेताओं को हिरासत में लिया जो अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

एजेंसी



हैदराबाद के गाचीबोवली इलाके में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर वामपंथी संगठनों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया। आयोजकों के अनुसार, यह प्रदर्शन ईरान पर इजरायल के हालिया हवाई हमलों की निंदा करने और फिलिस्तीन के लिए न्याय की मांग करने के लिए आयोजित किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने इजरायल की आक्रामकता की निंदा करते हुए नारे लगाए और हिंसा को समाप्त करने के लिए तत्काल अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप का आह्वान किया।

**आरोप** — भाजपा ने वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया

# कर्नाटक ने मुस्लिमों के लिए आवास कोटा बढ़ाया

एजेंसी



बेंगलुरू स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय 'जगन्नाथ भवन' में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा हम अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन अल्पसंख्यकों को अत्यधिक लाभ प्रदान करना अक्षम्य अपराध है। इस सरकार को अनुसूचित जातियों और जनजातियों पर अधिक ध्यान देना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय यह केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए अल्पसंख्यकों को खुश करने में लगी हुई है। हम सभी इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

नई दिल्ली। भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवास कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने के कांग्रेस सरकार के फैसले पर कड़ी आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि अल्पसंख्यकों को अत्यधिक लाभ प्रदान करना एक अक्षम्य अपराध है।

बेंगलुरू स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय 'जगन्नाथ भवन' में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा हम अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन अल्पसंख्यकों को अत्यधिक लाभ प्रदान करना अक्षम्य अपराध है। इस सरकार को अनुसूचित जातियों और जनजातियों पर अधिक ध्यान देना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय यह केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए अल्पसंख्यकों को खुश करने में लगी हुई है। हम सभी इसकी कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने सरकार से जागने और विकास पर ध्यान केंद्रित करने तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया, राज्य सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है और अधिकांश विकास कार्य ठप हो गए हैं। येदियुरप्पा ने कहा कि स्थिति इतनी विकट हो गई है कि लोगों की समस्याओं को कोई नहीं सुन रहा है। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा यह सरकार केवल प्रचार पर केंद्रित है और विकास को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि सिंचाई परियोजनाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। सरकार कर्नाटक में कहीं भी एक किलोमीटर सड़क बना कर दिखाए। कांग्रेस विधायक बी.आर. पाटिल के वायरल ऑडियो क्लिप के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, जिसमें वे कथित तौर पर कह रहे हैं कि आवास योजना के तहत घर पाने के लिए पैसे देने होंगे, येदियुरप्पा ने कहा कि बी.आर. पाटिल ने जो कहा वह 100 प्रतिशत सच है।

पैसे दिए बिना कोई काम नहीं होता - यह अब साबित हो गया है। यहां तक कि गरीब लोग जिन्हें घर की जरूरत है, उन्हें भी पैसे देने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सरकार को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए, उसे सुधारना चाहिए और गरीबों को न्याय सुनिश्चित करना चाहिए

# कांग्रेस के साथ शशि थरूर के मतभेद दिखने लगे साफ, केरल कांग्रेस ने थरूर के सभी आरोपों को किया खारिज



कांग्रेस बनाम शशि थरूर का मामला शुक्रवार को भी जारी रहा, जब पार्टी की केरल इकाई के प्रमुख ने हाल ही में हुए राज्य विधानसभा उपचुनाव के बारे में सांसद के दावों को खारिज कर दिया। केरल कांग्रेस प्रमुख सनी जोसेफ ने कहा कि शशि थरूर का नाम नीलांबुर उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में था।

एजेंसी

नई दिल्ली। शशि थरूर और कांग्रेस के बीच दूरियां बढ़ गयी है यह साफ तौर पर देखा जा सकता है। पिछले काफी दिनों से दोनों के बीच शीतयुद्ध जैसी बनी बनी हुई है। दोनों तरफ से एक दूसरे के प्रति गुस्सा और नाराजगी बयां की जा रही है। कांग्रेस बनाम शशि थरूर का मामला शुक्रवार को भी जारी रहा, जब पार्टी की केरल इकाई के प्रमुख ने हाल ही में हुए राज्य विधानसभा उपचुनाव के बारे में सांसद के दावों को खारिज कर दिया। केरल कांग्रेस प्रमुख सनी जोसेफ ने कहा कि शशि थरूर का नाम नीलांबुर उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में था। जोसेफ तिरुवनंतपुरम के सांसद के इस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि उन्हें उपचुनाव के लिए पार्टी के प्रचार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। केरल कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि शशि थरूर को चुनाव आयोग को सौंपी गई स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया था। पार्टी ने कहा कि थरूर विदेश में थे और दिल्ली में थे, जिससे हाल ही में हुए प्रचार कार्यक्रमों में उनकी अनुपस्थिति का पता चलता है। यह तब हुआ जब शशि थरूर ने कहा कि उन्हें एक रैली में आमंत्रित नहीं किया गया था और उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेदों को स्वीकार किया। विवाद केरल में सीपीएम सरकार की हाल ही में थरूर की प्रशंसा से उपजा है, जिससे कथित तौर पर कांग्रेस नेता नाराज हैं।

## सम्पादकीय

### अब तो पद छोड़ें, यशवंत वर्मा का मामला बहुत गंभीर

यह सही है कि विशेषाधिकार के चलते उच्चतर न्यायपालिका के जजों पर लगे गंभीर आरोपों की जांच पुलिस सीधे नहीं कर सकती और उसे सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लेनी होती है लेकिन यशवंत वर्मा के मामले में तो जांच रिपोर्ट मिल जाने के बाद भी शीर्ष अदालत ने पुलिस को जांच के कोई निर्देश नहीं दिए थे। बात केवल यशवंत वर्मा की ही नहीं है।अपने सरकारी आवास में बड़ी संख्या में अधजले नोट मिलने से कठघरे में खड़े उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा की जांच करने वाली सुप्रीम कोर्ट समिति की रपट के ऐसे निष्कर्ष बहुत ही गंभीर हैं कि उनका कदाचार साबित हो रहा है और वे पद पर रहने के योग्य नहीं। इस रपट में उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू करने की संस्तुति भी की गई है। ऐसी सिफारिश सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कर दी थी और उसके आधार पर सरकार यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी भी कर रही है, पर उच्चतर न्यायपालिका के जजों के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया लंबी चलती है। महाभियोग प्रस्ताव को संसद के दोनों सदनों से पारित कराना पड़ता है। आज तक हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित नहीं हो सका, क्योंकि कभी क्षेत्रवाद, जातिवाद की संकीर्ण राजनीति आड़े आ गई और कभी पक्ष-विपक्ष में सहमति ही नहीं बन पाई। पता नहीं इस बार क्या होगा। कहीं जांच समिति की रपट का लीक होना मुद्दा न बन जाए। जो भी हो, न्यायपालिका की छवि के लिए बेहतर यही होगा कि यशवंत वर्मा स्वतः त्यागपत्र दे दें। अधजले नोट कांड के बाद जज यशवंत वर्मा को दिल्ली से इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजकर उन्हें न्यायिक कामकाज से विरत कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर इसलिए सवाल उठे थे, क्योंकि उनके खिलाफ जांच के लिए तीन जजों की एक समिति तो बना दी गई थी, लेकिन मामले की छानबीन करने के लिए दिल्ली पुलिस को नहीं कहा गया था। आखिर क्यों? क्या इसलिए कि यशवंत वर्मा उच्च न्यायालय के जज हैं? क्या उच्चतर न्यायालयों के जज कानून से परे होते हैं? यह प्रश्न आज भी है कि आखिर ऐसे जजों पर लगे कदाचार के गंभीर आरोपों की जांच पुलिस को क्यों नहीं करनी चाहिए? यह सही है कि विशेषाधिकार के चलते उच्चतर न्यायपालिका के जजों पर लगे गंभीर आरोपों की जांच पुलिस सीधे नहीं कर सकती और उसे सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लेनी होती है, लेकिन यशवंत वर्मा के मामले में तो जांच रिपोर्ट मिल जाने के बाद भी शीर्ष अदालत ने पुलिस को जांच के कोई निर्देश नहीं दिए थे। बात केवल यशवंत वर्मा की ही नहीं है।इसकी पूरी आशंका है कि उनके जैसे कुछ और जज भी हो सकते हैं। इसका कारण यह है कि रह-रहकर उच्चतर न्यायालय के जजों के आचरण को लेकर भी सवाल उठते रहते हैं।

## आज का विचार

अपने आप को दुर्भाग्यशाली
समझना सही नहीं है
क्यूंकि आप अकेले नहीं है
जो संघर्ष कर रहे हैं

भारत संवाद



## राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए लेनदेन में सावधानी बरतने के लिए रहेगा. दान-धर्म के कार्य में आपके प्रति रुचि रहेगी और आर्थिक मामलों में आपको सजग रहने की आवश्यकता है. आप अपनों के साथ रिश्तों में आगे बढ़ेंगे, लेकिन आपको कुछ गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है.

**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है. व्यापार में तेजी आएगी. आपका कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी. बिजनेस की योजनाएं फलीभूत होंगी और कार्य क्षेत्र में आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना बनती दिख रही है.

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके लिए पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी पुरस्कार से सम्मानित किया जा सकता है. आप कामकाज पर पूरा भरोसा बनाए रखें. आप अपनी सुख सुविधाओं की वस्तुओं में भी इजाफा कर सकते हैं.

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है. आपको लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा. भाग्य का पूरा साथ मिलेगा. यदि आपने कोई जोखिम उठाया, तो उसमें समस्या हो सकती हैं. सामाजिक विषयों पर आपको पूरा ध्यान देना होगा.

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा. आपको परिवार के सदस्यों का प्रेम और सहयोग बना रहेगा, लेकिन आप अपने शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज ना करें, नहीं तो बाद में वह कोई बड़ी बीमारी बन सकती हैं.

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए साख और सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है. व्यापार में आपको बढ़ावा मिलेगा और आपको लेनदेन के मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है. कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है. आपको कार्यक्षेत्र में अपने गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना पड़ सकता है. प्रेम जीवन जी रहे लोगों ने साथी से यदि कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है.

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए व्यर्थ के वाद-विवाद में पड़ने से बचने के लिए रहेगा. आप अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं में ध्यान लगाएं और सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कुछ समस्या खड़ी हो सकती है. यदि आप किसी से धन उधार लेने के लिए सोच विचार कर रहे थे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा.

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए जल्दबाजी में किसी काम को करने से बचने के लिए रहेगा. बिजनेस के कामों पर आपका पूरा फोकस रहेगा और आपको वरिष्ठजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप सुख सुविधाओं को बढ़ाने की पूरी कोशिश करेंगे.

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है. आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं. धर्म के कार्यों के प्रति आपका काफी रुझान रहेगा, जिसे देखकर परिवार के सदस्यों को खुशी होगी और आपके मन की इच्छा की पूर्ति हो सकती है.

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है. आप किसी से कोई वादा करें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा और आप उसे समय रहते पूरा करें। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाएंगे, जिसके लिए आप कुछ वस्तुओं की खरीदारी भी कर सकते हैं.

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर काम करने के लिए रहेगा और आपकी नेतृत्व क्षमता बढेगी. आप अपनी आय को बढ़ाने के प्रयासों को तेज करेंगे. सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में आप कामयाब रहेंगे. व्यापार पर आपका पूरा फोकस रहेगा,

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अमेरिका-पाकिस्तान फिर एक साथ, भारत को लंबे कूटनीतिक एवं सैन्य संग्राम के लिए कमर कसनी होगी

> ‘ट्रंप की मानें तो उन्होंने मुनीर को इस कारण धन्यवाद जताने के लिए अमेरिका आमंत्रित किया क्योंकि पाकिस्तान ने भारत से युद्ध करने से परहेज किया। ट्रंप ने मुनीर की कथित सूझबूझ को सराहा और उनकी बराबरी भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करते हुए कहा कि दोनों की परिपक्वता के चलते अमेरिका ने दक्षिण एशिया में परमाणु युद्ध रोक दिया।’

पाकार्ल मार्क्स ने कहा था, इतिहास खुद को दोहराता है–पहले त्रासदी के रूप में और फिर मजाक के रूप में। कट्टर जिहादी सोच वाले पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष और फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाकर और पाकिस्तान से गहरे सामरिक तालमेल की पेशकश करके मार्क्स के कथन को प्रासंगिक कर दिया। 1980–88 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने तत्कालीन पाकिस्तानी तानाशाह जनरल जियाउल हक को गले लगाया था। फिर राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश ने भी जनरल परवेज मुशर्रफ को। क्या करीब हर 20 वर्षों में खेले जा रहे इस खतरनाक खेल का तीसरा अध्याय अब आरंभ हुआ है? जनरल जिया और मुशर्रफ की तुलना में मुनीर पाकिस्तान के औपचारिक राष्ट्राध्यक्ष नहीं हैं, पर उन्हें उसी तरह का रुतबा हासिल है। अमेरिका अतीत में भी पेश किए जा चुके भूराजनीतिक तर्कों के आधार पर ही नए सिरे से पाकिस्तान को अपने करीब लाने की कोशिश कर रहा है। रीगन को जिया की जरूरत इसलिए पड़ी थी, क्योंकि वे पाकिस्तान के पड़ोसी देश अफगानिस्तान से सोवियत संघ को वापस धकेलना चाहते थे। अमेरिका को अपने सहायक के रूप में लड़ने के लिए मुजाहिदीन चाहिए थे।वे पाकिस्तान ने उपलब्ध कराए। जिया खुद जिहादी प्रवृत्ति के थे। एक समय उन्होंने कश्मीर हड़पने के इरादे से भारत के खिलाफ जिहाद का आह्वान किया था। तब अमेरिका ने इसकी अनदेखी की थी, क्योंकि उसका मकसद साम्यवाद को टक्कर देना था। रीगन की भांति ही बुश ने भी मुशर्रफ को अरबों डालर की आर्थिक और सैन्य मदद देकर अफगानिस्तान में बदलाव के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। तब अमेरिका को उस कट्टर जिहादी तालिबान की सरकार गिरानी थी, जिसने अमेरिका में 9/11 हमलों के जिम्मेदार ओसामा बिन लादेन को शरण दी थी।अमेरिका के पैसे और हथियारों से लैस पाकिस्तान ने दोनों बार अपनी उपयोगिता सिद्ध की, पर दोहरा खेल भी खेला। उसने अमेरिका को कुछ हद तक खुश रखते हुए दक्षिण एशिया में जिहादी जहर घोला। उसके इसी पाखंड से ऊबकर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान को सैन्य सहायता पूर्णतः रोक दी थी। 2018 में पाकिस्तान को झूठा और धोखेबाज कहने वाले ट्रंप आज उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। दरअसल विश्व राजनीति में फिर ऐसा मोड़ आया है, जब अमेरिका को अपने भूराजनीतिक लक्ष्यों को साधने के लिए पाकिस्तान की जरूरत आन पड़ी है। इसीलिए वह उसे रिझा रहा है। पाकिस्तान के पड़ोसी ईरान पर अमेरिका के निकटतम साथी इजरायल ने हमला बोल दिया है। इस हमले का अंतिम उद्देश्य तेहरान में तख्तापलट है। ट्रंप ने मुनीर के साथ बैठक में ईरान पर चर्चा की और यह भी कहा कि इस मामले पर पाकिस्तान मुझसे सहमत है। अमेरिका को लगता है कि शिया ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई जैसे सर्वोच्च नेता की तानाशाही के खात्मे के लिए सुन्नी पाकिस्तान को अग्रिम मोर्चे के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। अमेरिका ने पाकिस्तान को इसके लिए भी शाबाशी दी कि वह अफगान–पाकिस्तान सीमा पर इस्लामिक स्टेट के आतंकियों को पकड़ने और उन्हें मार गिराने में वाशिंगटन का अभूतपूर्व साझेदार बन गया है। भारत को अंदेशा है कि इस सबके चलते अमेरिका पहलगाम जैसे पाकिस्तानी बर्बर आतंकी कृत्यों की अनदेखी कर सकता है। वैसे तो ट्रंप भारत के आतंक विरोधी अभियान को समर्थन का वादा करते हैं और चीन की चुनौती का सामना करने के लिए भारत को करीब लाना चाहते हैं, पर यह स्पष्ट ही है कि महाशक्तियों की रणनीति एक देश के हितों तक सीमित नहीं रहती। फिलहाल वाशिंगटन का प्रमुख लक्ष्य ईरान में बदलाव और अमेरिका पर हमला करने की ताक में रहने वाले इस्लामिक स्टेट से निपटना है। अगर मुनीर ट्रंप के साथ सौदा करते हैं और पाकिस्तान अमेरिका से पुनः सैन्य सामग्री और आर्थिक लाभ लेने लगता है तो इससे अमेरिका पाकिस्तान को चीन के साये से भी बाहर निकाल सकता है। अमेरिका का रणनीतिक लक्ष्य व्यापक और बहुआयामी है, जो भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों से मेल खाता नहीं दिख रहा है। यदि अमेरिका पाकिस्तान को चीन के चंगुल से निकालने में सफल हो जाता है तो इससे भारत का भला होगा, पर यदि पाकिस्तान अमेरिका की शरण में जाकर भारत में पहलगाम जैसे जघन्य जिहादी हमले कराने का दुस्साहस करेगा तो इससे भारत को खतरा बढ़ जाएगा। ट्रंप की मानें तो उन्होंने मुनीर को इस कारण धन्यवाद जताने के लिए अमेरिका आमंत्रित किया, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत से युद्ध करने से परहेज किया। ट्रंप ने मुनीर की कथित सूझबूझ को सराहा और उनकी बराबरी भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करते हुए कहा कि दोनों की परिपक्वता के चलते अमेरिका ने दक्षिण एशिया में परमाणु युद्ध रोक दिया। ऐसे बेबुनियाद दावे खारिज करने के ही लिए ट्रंप से फोन पर वार्ता में मोदी ने दो टूक कहा कि कश्मीर पर किसी भी देश की मध्यस्थता भारत को कतई मंजूर नहीं है। कनाडा में जी–7 शिखर सम्मेलन में भी मोदी ने आतंक की जड़ पर सबका ध्यान केंद्रित करते हुए आतंकवाद पर विकसित देशों के दोहरे मापदंड की आलोचना की। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित देश किसी भी देश पर आर्थिक प्रतिबंध लगा देते हैं, पर आतंकवाद का खुलेआम समर्थन करने वाले देशों को पुरस्कृत करते हैं। आतंक–आतंक में अंतर स्वार्थी सोच है। इसके कारण ही विश्व समुदाय आतंक की समस्या पर काबू नहीं कर पाया है। भारत को पाकिस्तान का आतंकी चेहरा सामने लाने और उसे काबू में रखने का प्रयास करते रहना होगा। भारत को लंबे कूटनीतिक–सैन्य संग्राम के लिए कमर कसनी होगी, क्योंकि महाशक्तियों की चिरपरिचित दोहरी मानसिकता और पाकिस्तान के बिकाऊ रवैये से साफ होता है कि आतंकवाद पर अंकुश लगाने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सीमाएं हैं।





# योग को जन-जन तक पहुंचाने वाले योगीराज हरिदेव प्रसाद ठाकुर

(शिव शंकर सिंह पारिजात)

योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 21 जून को पूरे विश्व में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में योग से निरोग होने का आदर्श प्राचीन काल से रहा है। योग की उपादेयता को विश्व के कोने-कोने तक फैलाने का श्रेय भी भारत को ही जाता है जिसके कारण आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण के दौरान योग दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव रखा था जिसे 11 दिसंबर, 2014 को मंजूरी मिल गई और इसके बाद 21 जून 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। तब से प्रत्येक वर्ष इसे मनाने की परिपाटी जारी है। इस वर्ष भी 21 जून को भारत सहित पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने वाला है।

वस्तुतः योग अनिवार्य रूप से एक अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित आध्यात्मिक अनुशासन है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। यदि इसे स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान कहा जाय तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। 'योग' शब्द संस्कृत मूल 'युज' से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है 'जुड़ना' या 'जोड़ना' या 'एकजुट होना'। योग शास्त्रों के अनुसार योग का अभ्यास व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना के साथ जोड़ता है, जो मन और शरीर, मनुष्य और प्रकृति के बीच एक पूर्ण सामंजस्य स्थापित करता है। आधुनिक वैज्ञानिकों के अनुसार, ब्रह्मांड में सब कुछ एक ही क्वांटम आकाश की अभिव्यक्ति है। योग अस्तित्व की इस एकता का अनुभव कराता है।



योग की व्यापक उपादेयता के कारण आज के युग में हर कोई स्वास्थ्य के संरक्षण, रखरखाव और संवर्धन के लिए योग अभ्यास के बारे में जानना और आश्वस्त होना चाहता है। योग को देश-विदेश में लोकप्रिय बनाने तथा इसकी उपादेयता से लोगों को परिचित कराने में स्वामी शिवानंद, श्री टी. कृष्णमाचार्य, स्वामी कुवलयानंद, श्री योगेंद्र, स्वामी राम, श्री अरबिंदो, महर्षि महेश योगी, आचार्य राजनीश, पट्टाभिजोई, बी.के.एस. आयंगर, स्वामी सत्यानंद सरस्वती और ऐसे ही अन्य महान व्यक्तित्वों के नाम सहज रूप से सामने आते हैं। किंतु योग की दुनिया में कई ऐसे जाने-अनजाने नाम भी हैं जिन्होंने जमीनी स्तर पर एकांत साधना कर न सिर्फ योग में महारत हासिल की, वरन् अपने जिले-कस्बे का नाम रोशन करते हुए आम जन तथा युवा पीढ़ी को योग-साधना के साथ जोड़कर समाज व देश सेवा के महती कार्य किये। इन्हीं महान योग साधकों में एक महत्वपूर्ण नाम योगीराज हरिदेव प्रसाद ठाकुर का आता है जिन्हें लोग श्रद्धा के साथ याद करते हैं।

योगीराज हरिदेव प्रसाद ठाकुर का जन्म 1935 में हुआ था। बिहार के भागलपुर में जन्मे योगीराज हरिदेव प्रसाद ठाकुर का नाम योग के क्षेत्र में बिहार में एक प्रसिद्ध नाम है। युवावस्था से स्वस्थ और निरोग जीवन को मूलमंत्र माननेवाले योगीराज श्री ठाकुर ने अपने गुरू विष्णु चरण घोष से योग में शिक्षा ली। विष्णु चरण घोष योगी योगानंद के भाई थे। विष्णु चरण घोष बी.के.एस आयंगर के समय से लगभग तीन दशक पहले कोलकाता में एक योग गुरु का कार्य करते थे, जिन्होंने पश्चिमी दुनिया में योग को लोकप्रिय बनाया। विष्णु चरण घोष ने योग को लोकप्रिय बनाने के लिए यूरोप से जापान तक दुनिया का दौरा किया। वे मुख्य रूप से चिकित्सा के लिए योग उपयोग करते थे। उन्होंने ही लगभग एक सदी पहले दुनिया को बताया था कि असाध्य और पुरानी बीमारियों को ठीक करने के लिए योग एक सशक्त माध्यम है।

ऐसे सक्षम गुरु से श्री हरिदेव ठाकुर ने न सिर्फ योग की, बल्कि शारीरिक व्यायाम के विभिन्न विधाओं की भी शिक्षा ली। योग की सम्यक शिक्षा-दीक्षा लेने के उपरांत श्री ठाकुर ने अपने दृढ़ निश्चय के कारण नित नये मुकाम हासिल किये। शरीर सौष्ठव बाडी बिल्डिंग में वे 'बिहार श्री' की प्रतियोगिता में अनेक बार प्रथम रहे। उन्हें ??बिहार के तत्कालीन राज्यपाल डॉ जाकिर हुसैन ने योगीराज की उपाधि से सम्मनित किया था। तब से उनके नाम के साथ योगीराज की उपाधि जुड़ गयी और लोग उन्हें इसी नाम से जानने लगे। बिहार के तत्कालीन राज्यपाल आर आर दिवाकर, तत्कालीन रेल मंत्री जगजीवन राम, लाल बहादुर शास्त्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत सहित कई हस्तियों ने

भी उन्हें समय-समय पर सम्मानित किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू और चीन के प्रधानमंत्री चाउ एन लाई के द्वारा भी उन्हें सम्मान मिले जो एक बड़ी उपलब्धि है। स्थानीय, जिला और राज्य स्तर पर योग का प्रचार प्रसार करते हुए बंगाल के शांतिनिकेतन में भी उन्होंने योग की शिक्षा दी।

योग प्रसार प्रचार के लिए अपनी जन्मभूमि भागलपुर के दीपनगर मुहल्ले में उन्होंने 1963 में भारतीय शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की। लंबे अरसे तक भागलपुर के मारवाड़ी व्यायामशाला में योग के प्रशिक्षक भी रहे। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय तथा राज्य स्तर की कई प्रतियोगिताओं के प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में भी रहने का उन्हें मौका मिला। योग से निरोग का मूलमंत्र अपनाते हुए उन्होंने योग के प्रयोग को सामान्य जन के स्वास्थ्य हेतु तथा असाध्य रोगों के इलाज में किया। साथ ही मधुमेह, अनिद्रा, लकवा, गठिया के साथ साथ अनेक शारीरिक रोगों पर भी योग विद्या का सफल प्रयोग किया। यह वह दौर था, जब योग के संदर्भ में बहुत कम लोग जानते थे। न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया था, न सोशल मीडिया। उन्होंने योग की राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इनके शिष्य शंकर कुमार कर्ण लगातार कई सालों से दिल्ली का खिताब जीत रहे हैं। योग को उन्होंने व्यवसाय नहीं, सेवा का माध्यम बनाया। इसके अलावा जगह जगह व्यायामशालाएं खुलवाई। तत्कालीन केन्द्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री भागवत झा आजाद स्पांडिलाइटिस से परेशान थे। उन्होंने कुछ यौगिक मुद्राओं, आसन एवं प्राणायाम से उन्हें ठीक कर दिया। आईपीएस अजय कुमार वर्मा, ए एस राजन समय समय उनसे योग की बारीकियों को समझते थे और अभ्यास करते थे।

इसी तरह पूर्व शिक्षा मंत्री दिवाकर सिंह को योग के माध्यम से असाध्य बीमारी से राहत दिलवाने का काम भी उन्होंने किया। योग साधना और शिक्षा में अनगिनत मुकाम हासिल करने वाले श्री ठाकुर सन् 2011 में हमलोगों के बीच से विदा हो गये।

# ज्ञान के आलोक से मनुष्य:त और वात्सल्य की भावना

संजीव ठाकुर

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करती है। ज्ञान की उत्कंठा, तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता, मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही, बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निदेशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है, जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था, उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा ह्रदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का ह्रदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था, उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका ह्रदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था।

## उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य गाजियाबाद मे 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे करेंगे प्रतिभाग



भारत संवाद

लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य गाजियाबाद मे 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' (21 जून को) कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभाग करेंगे। श्री मौर्य प्रातः 6.15 बजे आई एम एस कालेज गाजियाबाद मे मा0 प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण को सुनेंगे, तदोपरान्त योगाभ्यास मे सम्मिलित होंगे। उसके बाद प्रातः 7.30 बजे आई टी एस मोहन नगर गाजियाबाद मे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मे सम्मिलित होगे व अपना सम्बोधन देगे तथा योग आचार्यो व विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेगे। उप मुख्यमंत्री जी यहां जनप्रतिनिधियों, व पदाधिकारियों के साथ संवाद भी करेंगे।

# एआईएमआईएम की चुनावी दस्तक से सपा-कांग्रेस की बढ़ी टेंशन

### सभी जिलों में पंचायत चुनाव लड़ेगी ओवैसी की पार्टी, 2027 विधानसभा की तैयारी

भारत संवाद

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया मोड़ आने वाला है। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने ऐलान किया है कि वह पूरे प्रदेश के सभी जिलों में पंचायत चुनाव लड़ेगी। इस एलान के साथ ही राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। अकटकट यूपी इकाई के पूर्वांचल अध्यक्ष इसरार अहमद ने प्रयागराज में एक प्रेसवार्ता के दौरान साफ किया कि पार्टी पंचायत चुनाव के जरिए 2027 के विधानसभा चुनाव की बुनियाद मजबूत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम



अपने दम पर जिला पंचायत से लेकर वार्ड स्तर तक उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी बूथ स्तर से संगठन को तैयार कर रही है और पंचायत चुनाव को मिशन मोड में ले चुकी है। इसरार अहमद ने संकेत दिए कि फिलहाल एआईएमआईएम किसी गठबंधन में शामिल नहीं है, लेकिन अगर कोई गठबंधन प्रस्ताव आता है तो उस पर फैसला शीर्ष नेतृत्व करेगा। फिलहाल पार्टी अकेले मैदान में उतरने की रणनीति पर चल रही है। एआईएमआईएम के इस फैसले का सबसे बड़ा असर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक पर पड़ सकता है। यूपी की सियासत में ये दोनों दल लंबे समय से मुस्लिम वोटों पर भरोसा करते आए हैं, लेकिन अब एआईएमआईएम की सक्रिय मौजूदगी से यह वोट बैंक बंट सकता है, जिससे इन दलों की पंचायत चुनाव में रणनीति गड़बड़ा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआईएमआईएम की सक्रियता ना सिर्फ सपा और कांग्रेस बल्कि बसपा के लिए भी खतरे की घंटी है। पंचायत चुनाव के जरिए यदि एआईएमआईएम को कुछ भी आधार मिला, तो यह 2027 के विधानसभा चुनाव में बड़ा बदलाव ला सकता है। ओवैसी की पार्टी ने यह दिखा दिया है कि अब वह केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत कर सत्ता की लड़ाई में सीधी हिस्सेदारी चाहती है।

फास्ट ट्रैक

## महापौर अपने पार्षद अधिकारियों के संग महादेव की शरण में करेंगे योग

### नगर निगम के महापौर अपने पार्षद गणों व अधिकारियों के साथ अलौकिक शिवालय पार्क में करेंगे योग शिवालय पार्क के निर्माण कार्य का करेंगे लोकार्पण

भारत संवाद

नगर निगम के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अरैल नैनी शिवालय पार्क में अपने पार्षद गणों एवं अधिकारियों के साथ योग करेंगे उसके पश्चात माननीय महापौर के कर कमलो द्वारा शिवालय पार्क के निर्माण कार्य का लोकार्पण होगा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी कार्यक्रम में नगर नगर निगम के नगर आयुक्त सीलम साई तेजा नगर निगम के सभी पार्षद गण अपर नगर आयुक्त गण सभी अधिकारी नगर निगम के कर्मचारी गण स्थानीय जनता उपस्थित रहेंगे।मुख्य अतिथि महापौर ने बताया प्रयागराज में बने 12 ज्योतिर्लिंग चारों धाम के बीच योग करने से शरीर के अंदर सकारात्मक शक्ति का विकास होगा जिससे नगर निगम के सभी पार्षद गण आधिकारी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे, इसके बाद महापौर कुंभ मेला 2025 के अंतर्गत बने शिवालय पार्क के निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे एवं वहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे।

## थाना हलिया पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ यौन उत्पीड़न के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

भारत संवाद

थाना हलिया, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 18.06.2025 को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिक पुत्री के साथ छेड़खानी व मारपीट करने के सम्बन्ध लिखित तहरीर दी गई।उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हलिया पर मु0अ0सं0-110/2025 धारा 115(2),75 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी हलिया को निर्देश दिए गए।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना हलिया पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पतारसी-सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांकः 20.06.2025 को उप निरीक्षक अच्छेलाल यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना हलिया क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त शनी कोल पुत्र सिगरेटरी कोल निवासी बरडीहा कला थाना हलिया जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 115(2),75 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

## थाना हलिया पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा करने के अभियोग से सम्बन्धित वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

भारत संवाद

थाना हलिया जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 10.04.2025 को वादी भगवन्त पुत्र विश्राम निवासी रामपुर नौडीहा थाना हलिया जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई।जिसके आधार पर थाना हलिया जनपद मीरजापुर पर मु0अ0सं0-63/2025 धारा 318(4),319(2), 338, 336(3),340(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना प्रभारी हलिया को निर्देश दिये गये।उक्त निर्देश के अनुक्रम में पूर्व में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया जा चुका है

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली शताब्दी एक्स्प्रेस चलेगी योग स्पेशल बनकर

भारत संवाद



प्रयागराज , दिनांक 21 जून, 2025 को मंडल रेल प्रबंधक/ प्रयागराज, श्री रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में प्रयागराज मंडल में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। प्रयागराज मंडल द्वारा भारतीय विज्ञान, कला और अध्यात्म से पल्लवित योग को जन सामान्य तक पहुँचाने के लिए व्यापक स्तर पर शुरू किए गए जागरूकता अभियान के क्रम में प्रयागराज मण्डल के स्टेशनों पर योग संबंधी वीडियो एवं ऑडियो संदेशों को प्रसारित किया जा रहा है। 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेल यात्रियों एवं रेल कर्मियों को भी योग से होने वाले लाभ से अवगत कराने के लिए संस्थानों, परिसरों एवं कालोनियों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में दिनांक 21 जून, 2025 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यात्रियों एवं जनता को योग के प्रति जागरूक करने के लिए गाड़ी संख्या 12033, कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली शताब्दी एक्स्प्रेस के डिब्बों के बाहरी आवरण पर योग से संबन्धित जागरूकता संदेशों को लगाकर इसे योग स्पेशल के रूप में चलाया जाएगा। यह 16 डिब्बों वाली गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग व ठहराव (इटावा, अलीगढ़ एवं गाजियाबाद) पर चलेगी इस गाड़ी में उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भी यात्रियों को योग से संबंधित जानकारी दी जाएगी। योग स्पेशल के रूप में चलाई जा रही इस ट्रेन से यात्रियो एवं आम जन मानस में योग के प्रति जागरूकता फैलेगी ध्यातव्य है कि माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण और भारत की पहल और प्रयासों से 21 जून, 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। प्राचीन भारतीय परम्परा का एक अमूल्य उपहार योग शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के सबसे भरोसेमंद साधनों में से एक के रूप में उभरा है।योग का अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना। योग मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और तृप्ति, मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य और स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है।योग शरीर और मन को स्वस्थ रखने की आध्यात्मिक कला है।रेलवे कर्मचारियों को संरक्षित तरीके से कार्य करना होता है जिसके लिए शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन तनाव मुक्त होना आवश्यक है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ और मन को एकाग्र करता है।जब हम नियमित रूप से योग करते हैं हमारे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है।भारतीय परंपरा में प्राचीन काल से ही योग का विशेष महत्व रहा है। योग से हम अपनी जीवनशैली को आसानी से संयमित और नियंत्रित कर सकते हैं।

## UPSIDA–CII समिटः उत्तर प्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में अहम पहल






भारत संवाद

उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) प्रदेश के औद्योगिक ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, जिससे राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर किया जा सके।इसी विजन के तहत उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र को मजबूती देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन समिट 2025 का आयोजन नोएडा के होटल हॉलिडे इन में किया गया।इस समिट का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) उत्तर प्रदेश द्वारा, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPSIDA) के सहयोग से किया गया।यह समिट अपने तीसरे संस्करण में लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन क्षेत्र की भावी रणनीतियों, निवेश अवसरों और डिजिटल बदलावों पर केंद्रित रही।

इस सम्मेलन में लॉजिस्टिक्स, मल्टीमॉडल अवसंरचना और आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्र से जुड़े उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, नीति-निमार्ताओं और नवाचारकताओं ने सहभागिता की। इस आयोजन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने हेतु विचार-विमर्श एवं रणनीति निर्माण करना रहा।

### लॉजिस्टिक्स समिट की मुख्य विशेषताएं:

लॉजिस्टिक्स समिट के दौरान विशेषज्ञों द्वारा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश, अधोसंरचना विकास, नीति परिवर्तन और तकनीकी समाधानों पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई। साथ ही, यूपीसीडा द्वारा राज्य में लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन से जुड़े विकासात्मक प्रयासों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई, जिससे प्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित किया गया।

## वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान

भारत संवाद

केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत इफको घियानगर फूलपुर में वृहद वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि संदीप रॉय, वैज्ञानिक, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ की उपस्थिति में अतिथि गृह के सपीम वृहद वृक्षारोपण हुआ।संदीप रॉय ने कहा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दशार्ता है।इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा।माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।




कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक ई.पी.सी. उमेश कुमार, प्रबंधक ई.पी.सी. मनोज तिवारी, तकनीकी विभाग से सुरेश कुमार सिंह तथा बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वंदे भारत ट्रेन से बाबा हरिहरनाथ की धरती बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ी

भारत संवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को एक और नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी है। उन्होंने सीवान से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन का शुभारंभ किया। पाटलिपुत्र और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के बीच चलने वाली इस नई वंदे भारत एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 26502/26501) से पूर्वी भारत के विकास को नया आयाम मिलने वाला है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज बिहार में रोड, रेल, हवाई यात्रा और जलमार्ग, हर प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व निवेश हो रहा है। बिहार को लगातार नई ट्रेनें मिल रही हैं। यहां वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें चल रही हैं। आज हम एक और बड़ी शुरूआत करने जा रहे हैं।सावन शुरू होने से पहले आज



बाबा हरिहरनाथ की धरती, वंदे भारत ट्रेन से बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है। पटना से गोरखपुर की नई वंदे भारत ट्रेन, पूर्वांचल के शिव भक्तों को मिली नई सवारी है। ये ट्रेन भगवान बुद्ध की तपोभूमि को, उनकी महापरिनिर्वाण भूमि कुशीनगर से जोड़ने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से बिहार में उद्योग-धंधों को तो बल मिलेगा ही, इससे पर्यटन को सबसे अधिक फायदा होगा। इससे दुनिया के टूरिज्म मैप में भी बिहार और अधिक निखर कर सामने आएगा। यानी बिहार के नौजवानों के लिए रोजगार के अनगिनत अवसर बनने वाले हैं।इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने गिनी गणराज्य को निर्यात होने वाले प्रथम लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अब बिहार में बना इंजन अफ्रीका की रेल चलाएगा।ये बहुत बड़े गर्व की बात है, मुझे पक्का विश्वास है बिहार मेड इन इंडिया का एक बड़ा सेंटर बनेगा।यहां का मखाना, यहां के फल-सब्जियां तो बाहर जाएंगी ही, बिहार के कारखानों में बनने वाला सामान भी दुनिया के बाजारों तक पहुंचेगा।बिहार के नौजवान जो सामान बनाएंगे, वो आत्मनिर्भर भारत को ताकत देगा।

रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस, नमो भारत रैपिड रेल और अमृत भारत एक्सप्रेस आधुनिक रेलवे व्यवस्था की त्रिवेणी के रूप में स्थापित हो चुकी हैं।पूरे देश में करीब 140 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है और देश के लोगों खासकर युवाओं के बीच इस ट्रेन को लेकर जबरदस्त क्रेश है।जहां कहीं भी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन हो रहा है, वहां इसे अपार लोकप्रियता हासिल हो रही है। हाल ही में भारतीय रेल ने दो जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से श्रीनगर के बीच शुरू किया है। यह ट्रेन लगातार फुल जा रही है। अगले एक महीने तक टिकट बुकिंग फुल है।इससे समझा जा सकता है कि पूरे देश में वंदे भारत ट्रेन की लोकप्रियता कितनी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि इस श्रृंखला में वंदे भारत एक्सप्रेस का लगातार विस्तार हो रहा है।पाटलिपुत्र से गोरखपुर के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस संचालित की जा रही है।यह ट्रेन पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच जिन जगहों से होकर गुजरेगी उनमें हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा और उत्तर प्रदेश के कप्तानगंज और पनियहवा शामिल हैं।

विश्व शरणार्थी दिवस 2025

### अतिथि देवो भवः भारत की संस्कृति : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

## आश्रय, सम्मान और अवसर, हर शरणार्थी का अधिकार

भारत संवाद

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और जैन संत की के मध्य और विश्व शरणार्थी दिवस के अवसर पर सकारात्मक संवाद हुआ।

विश्व शरणार्थी दिवस एक ऐसा दिन जो उन लाखों लोगों को समर्पित है जो युद्ध, अत्याचार, जलवायु परिवर्तन या मानवाधिकार उल्लंघनों के कारण अपने देश, घर और जमीन छोड़ने को मजबूर होते हैं। यह दिवस न केवल उनकी पीड़ा को समझने और स्वीकारने का अवसर है, बल्कि उनके साहस, जिजीविषा और संघर्ष की भावना को सम्मान देने का दिन भी है।इस वर्ष का विषय है आश्रय, सम्मान और अवसर हर शरणार्थी का अधिकार, जो वैश्विक समुदाय को यह स्मरण कराता है कि शरणार्थी कोई बोझ नहीं, बल्कि अवसर हैं वे भी मानव हैं जिनके सपने,



अधिकार और संभावनाएं हैं।संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त के अनुसार, शरणार्थी वे लोग होते हैं जिन्हें अपने देश में जीवन के प्रति गंभीर खतरा होने के कारण मजबूरन पलायन करना पड़ता है। वर्ष 2024 के अंत तक विश्वभर में 11 करोड़ से अधिक लोग विस्थापन का शिकार हो चुके थे, जिनमें एक बड़ी संख्या शरणार्थियों की है। इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।भारत ने शरणार्थियों के प्रति ऐतिहासिक रूप से सहिष्णु और करुणामयी दृष्टिकोण अपनाया है। चाहे वे तिब्बत से आए हों, बांग्लादेश के युद्ध पीड़ित हों या श्रीलंका व अफगानिस्तान से आये परिवार हो भारत ने हमेशा मानवता के नाते उन्हें शरण, सुरक्षा और सहयोग प्रदान किया है।अतिथि देवो भवः की भावना को आत्मसात करते हुए भारत ने दिखाया है कि विविधता में भी करुणा और एकता संभव है।महात्मा गांधी जी से लेकर बाबा साहेब अंबेडकर तक, हमारे विचारकों ने समानता, मानवाधिकार और शरणार्थियों के सम्मान का संदेश दिया है।

हाल के वर्षों में युद्ध, राजनीतिक अस्थिरता और जलवायु परिवर्तन ने शरणार्थी संकट को और गंभीर बना दिया है।सीरिया, यूक्रेन, सूडान, म्यांमार और अफगानिस्तान जैसे देशों से विस्थापन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण भी लाखों लोग अपने घरों से बेघर हो रहे हैं।

अक्सर शरणार्थियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नागरिक अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है। कई बार वे भेदभाव, शोषण और हिंसा का भी शिकार होते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम उन्हें केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि अवसर और अधिकार भी दें।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि अतिथि देवो भवः यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। भारतीय जीवन-दृष्टि में अतिथि को देवता के रूप में देखा गया है।चाहे कोई अपने देश से आया हो या विदेश से, किसी भी धर्म, जाति या रंग का हो, जब वह आपके द्वार पर आता है, तो उसका स्वागत करना, उसकी सेवा करना और सम्मान देना भारतीय संस्कृति का मूल संस्कार है।

भारत में अतिथि सत्कार की परंपरा है। ऋग्वेद से लेकर उपनिषदों और महाभारत तक, भारतीय ग्रंथों में अतिथि के स्वागत की परंपरा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।रामायण में जब निषादराज या शबरी ने श्रीरामजी का आतिथ्य किया, तब उन्होंने केवल भक्ति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की महानता को दशार्या।

## प्रमुख स्थलो/मार्गो पर टैक्सी स्टैण्ड चिन्हित करने का निर्देश

### 15 दिवस के अन्दर बिना रजिस्ट्रेशन वाले टैक्सियों का कराए रजिस्ट्रेशन, अन्यथा करे कार्यवाही -जिलाधिकारी

भारत संवाद

मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में नगरीय क्षेत्रो में अवैध टैक्सियों/टेम्पो स्टैण्डो से लगने वाले जाम पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी यातायात पुलिस एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर से प्रमुख मार्गो/स्थानो पर जाने वाले रास्तो पर टैक्सी स्टैण्ड हेतु जमीन चिन्हित करते हुए वहां पर पेयजल, शौचालय की व्यवस्था कराएं तथा अवैध रूप से टैक्सी स्टैण्ड संचालित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि परिवहन अधिकारी विभाग में बिना रजिस्ट्रेशन कराएं चल रहे टैम्पो/ई रिक्शा के मालिको को नोटिस देते हुए

**❍ भारी वाहनो, टैज्क्टरो के पिछले हिस्से पर रिफ्लेक्टर टेप आवश्यक**

15 दिवस के अन्दर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु समय दे तत्पश्चात अवैध रूप से टैक्सी/ई रिक्शा संचालित करने वालो पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व यातायात पुलिस आटो रिक्शा/ई रिक्शान के रूट चिन्हांकन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया मार्ग के किनारे पेट्रोल पम्पो मालिको को सड़को को कट करने व नाली को क्षतिग्रस्त यदि किया जाता है तो नोटिस जारी कर कार्यवाही करें।उन्होंने दुघर्टना बाहुल्य स्थानो को भी चिन्हित करते हुए राज्य मार्गो, प्रमुख जिला मार्गो व अन्य जिला मार्गो के जक्शन से पहले नियमानुसार स्पीड ब्रेकर बनवाए ताकि मोड़ पर वाहनो की गति धीमी हो सकें।सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा, यातायात विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक आपस में समन्वय स्थापित कर विभिन्न स्कूलो एवं कालेजो में छात्रो को यातायात नियमो के बारे में जागरूक करने के लिए गोष्ठी एवं प्रतियोगिता कराकर यातायात नियमो के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि दुघर्टना वाले सड़को पर रोडलाइट व दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्र सम्बन्धित बोर्ड भी लगाया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधानो के माध्यम से भी अभियान चलाकर यातायात नियमो प्रति लोगो को जागरूक करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गुड सेमेरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु समाचार पत्रो एवं होर्डिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार कर लोगो को जागरूक किया जाए।उक्त योजना के तहत किसी दुघर्टना में घायल व्यक्ति को यदि किसी व्यक्ति द्वारा अस्पतला पहुचांया जाता है तो उसे गुडसेमेरिटन योजना के तहत किसी पुलिस के द्वारा कोई पूछताछ नही किया जाएगा

# फलदार वृक्षों का रोपण किया

भारत संवाद



सहारनपुर। नारायणपुरी गिल कॉलोनी रेजिडेंट एसोसीयेशन के तत्वाधान में आज नारायण मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर डॉक्टर अजय सिंह रहे कार्यक्रम का शुभारंभ वृक्ष पूजन के द्वारा मेयरअजय सिंह रेजिडेंट असोसियेशन के अध्यक्ष सुवीर गुप्ता तथा नारायण मंदिर समिति के घनश्याम दास गर्ग एवं एसोसियेशन के सचिव राजेश कपूर ने संयुक्त रूप से किया। ततपश्चात वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत इस अवसर पर आंवला, केला एवं अन्य फलदार वृक्षों का रोपण किया गया।

मेयर डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि हरियाली देश की जरूरत है पर्यावरण के जो खतरे आ रहे हैं वह सिर्फ इसी कारण हैं कि वृक्षों की कटान बहुत अधिक मात्रा में हुई है। अतः देश के यशसवि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो आह्वान दिया गया है उसने एक आंदोलन का रूप ले लिया है और आज देश के प्रत्येक स्थान पर वृक्षारोपण का अभियान शुरू कर दिया गया है ।यह पर्यावरण को बचाने का यह एक अनूठा प्रयास है। मेयर अजय सिंह ने कहा कि हम सहारनपुर में पाँवधोइ नदी के पुनर्जीवन का भी प्रयास कर रहे हैं जिसका भी कार्य तेजी से चल रहा है इसके अतिरिक्त अन्य विकास योजनाओं को भी धरातल पर लाया गया है। असोसिएशन के अध्यक्ष सुवीर गुप्ता ने संगठन की कार्यों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि नारायण पुरी गिल कॉलोनी रेजिडेंट संगठन क्षेत्र के विकास में निरंतर कार्यरत है। सचिव राजेश कपूर ने संस्था के कार्यक्रमो पर प्रकाश डाला।

# एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं मोक्ष्यातन ने मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

भारत संवाद

सहारनपुर। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व 20 जून को सेंट मैरी गर्ल्स स्कूल शारदा नगर सहारनपुर के प्रांगण में एंटी करप्शनफाउंडेशन ऑफ इंडिया सहारनपुर महिला सेल एवं कोर लेवल टीम एवं मोक्ष्यातन संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से योग साधना का कार्यक्रम रखा गया और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूरे विश्व और भारतवासियों को शुभकामनाएँ भी दी गई।

मोक्ष्यातन संस्थान के संस्थापक स्वामी भारत भूषण जी की अनुपस्थिति में संस्थानम के योगाचार्य अनिता शर्मा जी द्वारा सभी को अच्छे से योग साधना करायी गई एवं सभी को प्रतिदिन योग करने से होने वाले लाभ और उसके महत्व के बारे में भी बताया गया ।योग साधना कराने में सहयोग करने के लिए उनके साथ श्रीमती माला शर्मा, पंडित



सुनील शर्मा, ललित शर्मा जी उपस्थित रहे। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष (राजनीतिक सेल) गौरव गाबा ने यह बताया की आज हम सभी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। इस वर्ष विश्व 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है । योग का मानव जीवन में बहुत महत्व है क्योंकि इसका संबंध मनुष्य के शरीर और मन को स्वस्थ रखने से संबंधित हैं। 2014 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। तब से ही प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। हर वर्ष योग दिवस अलग-अगल थीम पर मनाया जाता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ह्ह्योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थह्ह्थीम पर मनाया जा रहा है अर्थात खुद के साथ-साथ समाज को भी स्वस्थ बनाना। जिस तरह पृथ्वी एक है, ठीक उसी प्रकार हमारा स्वास्थ्य भी एक ही है, जिसे हमें दुरस्त रखने की आवश्यकता है।

संघटन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन कालरा कहा की योग आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक प्रथाओं का एक समूह है जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। एसीएफआई वूमेन सेल की जिला अध्यक्ष रश्मि टेरेंस ने संदेश दिया किया कीयोग दिवस का उद्देश्य सभी लोगों को योग के लाभ से जोड़ना और उन्हें स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करना है। इसलिए हम सभी को आज यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपने जीवन में अपनाएंगे और स्वस्थ जीवन जीएंगे

फास्ट ट्रैक

# 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राम की पैड़ी पर किया जायेगा

भारत संवाद

अयोध्या (सू0वि0):-11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21 जून 2025 को सुबह 6 बजे से राम की पैड़ी पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी/कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, नगर विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ता, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन उत्तर प्रदेश शासन श्री अनिल गर्ग, जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी श्री कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा एवं प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगा। योग दिवस का आयोजन जनपद मुख्यालय के साथ साथ तहसीलों, ब्लाकों, आरोग्य मंदिरों, शैक्षिक संस्थानों सहित अन्य स्थलों पर भी मनाया जाएगा और योग से होने वाले फायदों के बारे आम जनमानस को जागरूक किया जायेगा। जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को मा0 जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं एवं जनसामान्य को उचित बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई, पार्किंग आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# सीएमओ ने किया जिला कारागार में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण

भारत संवाद

सहारनपुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर कैदियो के स्वास्थ्य चैक अप के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है। ऐसा ही शिविर आज भी जिला कारागार मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया जिसमे स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सभी मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करके आवश्यकता अनुसार दवा वितरित की गयी आवश्यक जांचे की गयी एवं हैंड हैल्ड ऐटोमेटिक डिजिटल एक्स रे मशीन भी जेल मे ले जाकर आवश्यकता अनुसार एक्स रे भी किये गये इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रवीण कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डा सर्वेश कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड भी कैंप का अवलोकन करने पहुंचे इस दौरान जैल अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला कारागार के चिकित्सालय, डिस्पेंसरी, लायब्रेरी, कौशल केंद्र का भर्मण भी कराया गया, जिला कारागार के चिकित्सालय एवं डिस्पेंसरी के भर्मण के दौरान मुख्य चिकित्सा द्वारा जीवन रक्षक इमरजेंसी मेडिकल किट की सभी दवाओं, इंजेक्शन, यंत्र आदि को देखा जो सही पाये गये उसमे एक दो और आवश्यक दवा और छोटे यंत्र भी जोड़ने का निर्देश दिया

## एसएसपी ने पुलिस लाईन का किया निरीक्षण

सहारनपुर। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने आज पुलिस लाईन स्थित ग्राउण्ड पर परेड की सलामी ली तथा पुलिस लाईन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस कर्मियों को टिप्स भी दिये। एसएसपी ने पुलिस लाईन का भ्रमण कर पुलिस प्रशिक्षण, परिवहन शाखा, आवासीय भवनों, बैरकों व भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मण्डलायुक्त ने खैर एवं जट्टारी में जाम से निजात के लिए की बैठक

## अधिकारियों को आपसी समन्वय से जनहित में कार्य करने के दिए निर्देश



भारत संवाद

अलीगढ़ (सू0वि0): आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह जब किसी समस्या के निराकरण की जिम्मेदारी लेती हैं तो उसके पूरे न होने तक फॉलोअप भी करती हैं। विदित रहे कि मण्डलायुक्त ने विगत 15 अप्रैल को कस्बा खैर व जट्टारी में लगने वाले जाम की समस्या के निराकरण के लिए कस्बा खैर में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। मण्डलायुक्त ने शुक्रवार को पुनः अनुपालन की समीक्षा के लिए कमिश्नरी सभागार अपर आयुक्त अरूण कुमार, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी ट्रैफिक समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने ईओ खैर एवं जट्टारी को कागजी कार्यवाही के बजाय धरातल पर कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि विगत दिनों किए गए निरीक्षण के उपरांत भी जाम की स्थिति में सुधार न होना आपकी कार्यशैली को उजागर करता है। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचएआई इंद्रेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया की खैर-जट्टारी बाईपास का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और कुल 35 किलोमीटर में से 10 किलोमीटर पर मिट्टी डालकर प्रथम लेबिल का कार्य कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण बाईपास का निर्माण मार्च 2027 तक हो पाएगा जिसके पूरा होने के बाद अलीगढ़ से अंडला होकर बाईपास सीधा टप्पल पर निकलेगा जिससे खैर और जट्टारी में लगने वाले जाम की समस्या का पूर्ण रूप से निराकरण हो जाएगा ।पीडब्लूडी द्वारा कस्बा खैर में लगने वाले जाम की समस्या के संबंध में बताया कि हल्के वाहनों को बाईपास से निकाले जाने के लिए पटवारी मंदिर रोड पर क्षतिग्रस्त 700 मीटर में पैच वर्क का कार्य कर दिया गया है अवशेष 500 मीटर में से 300 मीटर के लिए विधायक निधि से कार्य कराने के लिए पत्र मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है। एसडीएम खैर सुमित सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि कस्बा खैर में जाम की समस्या के निराकरण के लिए सभी अस्थाई अतिक्रमण को हटवा दिया गया है और मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या नहीं है।

# सफाई मजदूरों का 12वें दिन भी जारी रहा

भारत संवाद



सहारनपुर। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ व अखिल भारतीय सफाई मजदूर काग्रेस के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन बारहवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने महापौर, नगर आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का घेराव कर मांगो को पूरा किये जाने की मांग की। नगर निगम के प्रांगण में बारहवें दिन भी उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ व अखिल भारतीय सफाई मजदूर काग्रेस के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन बारहवें दिन भी जारी रहा। धरने पर सांकेतिक भूख हडताल पर कमलेश, चेतन चनयाने, वरदान घावरी, अविनाश बिरला. जाशु बिरला. आशीष महरोल, अमित गौहर, हिमांशु कल्याण बैठे। चेतन चनयाने, रघुवीर चंदेल, मनमोहन सूद अविनाश बिरला, प्रीतम सिंह प्रेमी, राजकुमार बिरला, वरदान घावरी, बृजमोहन धनालिया अम्बर चंदेल आदि के नेतृत्व में धरने पर उपस्थित सभी कर्मचारियों ने महापौर, नगर आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन कर मांगों को पूरा किये जाने की मांग की। चेतन चनयाने, रघुवीर चंदेल, वरदान धावरी, अविनाश बिरला ने सम्बोधित कर कहा कि आज हमें धरने पर बैठे 12 दिन हो गये हैं। लेकिन नगर निगम प्रशासन की नींद अभी तक नहीं खुली, जिस कारण कर्मचारियों ने आज महापौर व नगर आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का घेराव किया यदि आज भी मांगों का निस्तारण नहीं किया तो कल नगर निगम प्रशासन पर झाडू लेकर हल्ला बोला जायेगा। महेन्द्र वेद, सुनील घाघट, आशु बिरला, आशीष महरौल आदि ने कहा कि धरने की कार्यवाही अब पूर्ण हो गयी है। मण्डलायुक्त व नगर विकास मंत्री को नगर निगम प्रशासन की बेरूखी के बारे में सूचना दी जा चुकी है। मजबूरन काम बन्द हडताल पर जाने की सूचना दी जा चुकी है। अब उक्त सभी संगठन और सभी सफाई कर्मचारी सामूहिक रूप से काम बन्द कर हड़ताल पर चले जायेंगे। धरने पर रोहित प्रधान, सुनील घाघट, प्रीतम सिंह प्रेमी, राजकुमार बिरला, बृजमोहन सूद, मनमोहन सूद. आशीष महरौल, अविनाश बिरला, वरदान घावरी, सोनू सुपरवाइजर, आशीष, आशू बिरला, कमलेश, राजकुमार जालौन, कविता देवी, कान्ता देवी, श्यामो, कुलदीप हंस, महेन्द्र बेदी, गीता, कमल किशोर चंचल, सरला, रतन, नाधीराम, ईश्वर सिंह तीसीफ आदि भारी संख्या में मौजूद रहे।

# अलीगढ़ नगर निगम द्वारा वाटर एटीएम संचालन व्यवस्था सुदृढ़

- नगर निगम द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी वाटर एटीएम सक्रिय
- खराब होने पर जल्द से जल्द कराई जाती है मरम्मत

भारत संवाद




अलीगढ़ (सू0वि0): नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया है कि नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित 8 वाटर एटीएम में से 7 पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं। ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी वाटर एटीएम को समय रहते क्रियाशील कर दिया गया था। वर्तमान में केवल अतरौली बस अड्डा स्थित वाटर एटीएम का सबमर्सिबल पंप तकनीकी कारणों से बंद है, जिसे आगामी एक सप्ताह में पुनः संचालित कर दिया जाएगा ।उन्होंने बताया कि नगर में पाँच वाटर एटीएम ऊपरकोट, अचलताल, शमशाद मार्केट, कचहरी एवं कम्पनी बाग के विभिन्न नलकूपों के विद्युत कनेक्शन से संचालित किए जा रहे हैं। जबकि नौरंगाबाद छावनी, अतरौली बस अड्डा एवं तांगा स्टैंड स्थित तीन एटीएम के लिए विद्युत संयोजन के लिए कुल रुपाया 2,81,011.00 की धनराशि के बिल प्राप्त हुए हैं, जिनका भुगतान नियमानुसार सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को गर्मी के मौसम में निर्बाध रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। भविष्य में किसी भी एटीएम के खराब होने की स्थिति में त्वरित मरम्मत की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम द्वारा उठाए गए इन कदमों से आमजन को राहत प्राप्त हो रही है और जनस्वास्थ्य की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

भारत संवाद

अलीगढ़ (सू0वि0): मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के प्रभावी संचालन एवं प्रगति की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत सिविल सेवा, एसएससी, नीट एवं जेईई परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को दी जा रही निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। कोर्स कॉर्डिनेटर उमेश सिंह ने बताया कि गत वर्ष 284 अभ्यर्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया था। जिसमें कई अभ्यार्थी सफल भी हुए। इस वर्ष कुल 262 अभ्यर्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन किया है, जिनमें सिविल सेवा के लिए 110, एसएससी के लिए 94, नीट के लिए 46 एवं जेईई के लिए 12 अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। साथ ही 33 शिक्षकों ने अध्यापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। छात्रों का चयन अभ्युदय पोर्टल एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों की पात्रता के आधार पर साक्षात्कार द्वारा किया गया है। अभ्युदय कोचिंग का संचालन एसएमबी इंटर कॉलेज, रामघाट रोड पर किया जा रहा है, जहाँ डेस्क, व्हाइट बोर्ड, राइटिंग चेयर, बिजली, पंखा एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति मैन्युअल एवं बायोमेट्रिक दोनों तरीकों से दर्ज की जा रही है। अध्यापन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय सचिवालय, लखनऊ द्वारा लेक्चर प्लान एवं टेस्ट पेपर समय-समय पर उपलब्ध कराए जाते हैं ।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि आईएएस, पीसीएस या अन्य वरिष्ठ अधिकारी अभ्युदय योजना के अंतर्गत कक्षाएं लेते हैं

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम का किया त्रैमासिक निरीक्षण

सील्ड ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम में पाए गये सुव्यवस्थित तथा सुरक्षित

सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष बंसल द्वारा निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के लिए आन्तरित एवं सील्ड ईवीएम/ वीवीपैट गोदाम का राजनैतिक दलों के साथ त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सील्ड ईवीएम/ वीवीपैट गोदाम सुव्यवस्थित पाये गये ।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री सलिल कुमार पटेल, प्रतिनिधि समाजवादी पार्टी चै. अब्दुल गफूर, जिलाध्यक्ष अपना दल एस राजकुमार पंवार, उपस्थित रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष के तहत 105 प्रकरणों को दी जाएगी आर्थिक सहायता

- महिला हिंसा पीड़िताओं को मिलेगा न्याय और सहायता: संजीव रंजन, डीएम

भारत संवाद

अलीगढ़ (सू0वि0): जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष के अंतर्गत हिंसा एवं अत्याचार की शिकार पीड़ित महिलाओं को सहायता राशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिला प्रशासन ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और पुनर्वास के लिए रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष एक प्रभावी और संवेदनशील माध्यम के रूप में कार्य कर रहा है। बैठक का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी अजीत कुमार ने किया, उन्होंने कुल 182 प्रकरणों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें से 80 प्रकरणों को मेडिकल रिपोर्ट के अभाव के कारण अस्वीकृत कर दिया गया। शेष 102 मामलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए प्रस्तुत दस्तावेजों, धाराओं, मेडिकल रिपोर्ट व पुलिस रिपोर्ट का गहन परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि हर पीड़िता को त्वरित न्याय व सम्मानपूर्वक सहायता देना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने समिति को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग पूर्ण संवेदनशीलता के साथ समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। विशेष रूप से तीन ऐसिड अटैक पीड़िताओं के मामलों पर विचार किया गया, जिनमें से सभी मामलों को सहायता के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। इन मामलों में पीड़िताओं की स्थिति, आख्याओं की गंभीरता और राहत की तात्कालिक आवश्यकता को प्राथमिकता दी गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि स्वीकृत मामलों में जल्द से जल्द धनराशि संबंधित लाभार्थियों के खातों में अंतरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# जीआई सर्वे को लेकर सैकड़ों आपत्तियां दर्ज करायी

भारत संवाद




सहारनपुर। विधानसभा प्रभारी और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने नगर निगम टैक्स विभाग में जीआई सर्वे को लेकर आज अधिकारियों से मिलकर नगर की सैकड़ो अपत्तियां दर्ज करवाई टिंकू अरोड़ा ने कहा इस सरकार में कोई भी वर्ग खुश नहीं है जी आई सर्वे की टैक्स की मार से हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई कोई भी नहीं बच पाया है पूरे नगर में जल्द ही एक बड़ा विस्फोट होने वाला है यह जी आई सर्वे टैक्स का आदेश उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा लागू किया गया है और विधानसभा में बैठने वाला सहारनपुर नगर का जनप्रतिनिधि गहरी नींद में सोया हुआ है और जी आई सर्वे टैक्स पर मौन बैठे हैं जबकि अभी कुछ दिन पहले सत्ता पक्ष के जन्प्रतिनिधि द्वारा सहारनपुर की सम्मानित जनता को अपने बयान में यह कहा गया था कि की सर्वे स्थगित कर दिया गया है लेकिन पूरे नगर में लगातार जी आई सर्वे के नोटिस बाटने से हाहाकार मच रहा है जबकि बड़े स्तर पर व्यापारी वर्ग ने सत्ता को स्पॉट करने का काम किया है ऐसे में लगातार जनता और व्यापारियों का उत्पीड़न भाजपा सरकार के सहारनपुर नगर के जनप्रतिनिधि के द्वारा किया जा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि इसमें जल्दी मजबूत पार्षद दल के द्वारा एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा हम चाहते हैं की जी आई सर्वे निरस्त किया जाए

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 11/2025 दिनांक : 19.06.2025

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

निविदा संख्या : 19256333 | मात्रा : 04 Nos.

विवरण : विद्युत चालित यात्री लिफ्टों का डिजाइन, आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग, 13 व्यक्तियों की मशीन रूम कम आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (संशोधन 1)-2019 के अनुसार और विनिर्देश के अनुसार पीआरवाईजे डिवीज़न पर स्टेशन 1.0 मीटर/सेकेंड की यात्रा गति (नोटः ठेकेदार दर उद्धृत करने से पहले साइट पर मौजूदा आयामों का निरीक्षण और जांच करेगा।

ई.म.डी.रू. : 2,31,020/- | निविदा खुलने की तिथि : 15/जुलाई/25

नोट : 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T.Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1063/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 12/2025 दिनांक: 19.06.2025

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

| निविदा संख्या | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 19256124 | (जी+2)विद्युत चालित यात्री लिफ्टों, मशीन रूम सहित 13 व्यक्तियों की क्षमता वाली लिफ्टों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (रेव 1)-2019 के अनुसार और यात्रा गति 1.0 मीटर/सेकंड | 04 Nos. |

ई.एम.डी.(₹) : ₹ 2,29,820/- | निविदा खुलने की तिथि : 15 जुलाई 25

नोटः (1) उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act- 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1062/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

भारत संवाद परिवार
1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित, 2-संरक्षक-भारत संवाद, आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर, (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद), जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद), माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित।
संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा ।फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214,9935750291,E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939
(किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।



# गर्मी के मौसम में पहनने के लिए जरूर चुने ये स्टाइलिश फुटवियर पैरों को मिलेगी राहत

**गर्मी का मौसम में अधिकतर महिलाएं हल्के आउटफिट के साथ कंफर्टेबल फुटवियर पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक है, जो गर्मी के मौसम में एकदम कुल रहना चाहती हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसे स्टाइलिश फुटवियर डिजाइंस बताएंगे, जो न सिर्फ आपको मॉडर्न लुक देंगे, बल्कि इन फुटवियर को पहनकर आप कंफर्टेबल भी महसूस कर सकेंगी।**

अगर आप भी गर्मी के मौसम में पहनने के लिए खूबसूरत फुटवियर तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह फुटवियर डिजाइन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। आप इसे अपने एथेनिक वियर के साथ पेयर कर सकती है। यह फुटवियर आपके पैरों की खूबसूरती में भी चार चांद लगा सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

## ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल

अगर आप अपने पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो आपके लिए यह ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल फुटवियर भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। यह न सिर्फ आपके पैरों को खूबसूरत बनाएगी, बल्कि इसे पहनकर आप आरामदायक भी महसूस कर सकती हैं।

## स्ट्रैपी वेज हील्स

अगर आप गर्मी के मौसम में ऑफिस या किसी इवेंट में कंफर्टेबल फुटवियर पहन कर जाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपके लिए यह स्ट्रैपी वेज हील्स फुटवियर भी बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। आप इसे ट्राई कर अपने पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। यह फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा।

## टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स

गर्मी के मौसम में अगर आप भी स्टाइलिश फुटवियर की तलाश कर रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप यह खूबसूरत स्टाइलिश टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स फुटवियर ट्राई कर सकती है। इसे पहनकर आप न सिर्फ अपने लुक को कंप्लीट करेंगी, बल्कि यह आपको एलिगेंट टच भी दे सकता है। इस फुटवियर को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद सकती हैं। इस फुटवियर को आप अपने ऑफिस या दोस्तों के साथ घूमने जाते वक्त भी पहन सकती हैं।



# महिलाएं सिर्फ घर नहीं संभालती लोन चुकाने से लेकर कंपनी चलाने तक इन कामों में पुरुषों से हैं आगे

**बदलते समय और समाज की सोच के साथ अब महिलाओं ने भी अपनी जिम्मेदारियों का दायरा बढ़ा लिया है। अब केवल महिलाएं घर की जिम्मेदारी नहीं संभालती, बल्कि लोन पेमेंट से लेकर कई बड़े काम भी करती हैं।**

हमेशा से महिलाओं को घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए जाना जाता रहा है और अक्सर फाइनेंशियल और लीडरशिप की भूमिकाओं में उनकी भागीदारी को सीमित माना जाता रहा है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में भारतीय महिलाओं में एक पॉजिटिव बदलाव देखने को मिला है। अब महिलाएं न केवल अपने घर को संभालती हैं, बल्कि फाइनेंस मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भी उठा रही हैं। साथ ही, वे एंटरप्रेन्योरशिप, कॉरपोरेट लीडरशिप, बैंकिंग और पॉलिटिक्स जैसे दूसरे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अपनी उत्कृष्टता साबित कर रही हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 5 सालों में भारत में लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या 22 फीसदी की सालाना दर से बढ़ी है। महिलाओं ने 42 फीसदी पर्सनल लोन अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए लिया हुआ है। वहीं, 'फॉम बॉरोवर्स टू बिल्डर्स' वीमन रोल इन इंडिया फाइनेंशियल ग्रोथ स्टोरी नाम की रिपोर्ट में बताया गया है कि 3 फीसदी महिलाओं ने बिजनेस लोन, 42 फीसदी महिलाओं ने पर्सनल लोन, कंज्यूमर लोन और होम लोन लिया है और 38 फीसदी महिलाओं ने गोल्ड गिरवी रखकर लोन लिया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि महिलाएं अब क्रेडिट स्कोर काफी चेक करने लगी हैं और लोन लेने वाली महिलाओं में करीब 60 फीसदी महिलाएं कस्बों और ग्रामीण इलाकों से हैं।

## महिलाएं लोन डिफॉल्टर कम

साल 2023 में भारत में कुल लोन में 17 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई थी, जिसमें महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ दिया था। दिलचस्प बात यह है कि महिलाएं लोन चुकाने में ज्यादा भरोसेमंद साबित हुई हैं, क्योंकि केवल 3.4 फीसदी महिला एंटरप्रेन्योर्स लोन डिफॉल्टर रहीं, जबकि पुरुषों की डिफॉल्ट दर 4.6 फीसदी से अधिक रही।

## जीवन बीमा खरीदने में आगे

मैक्स लाइफ द्वारा किए गए एक सर्वे में पता चला था कि 79 फीसदी कामकाजी महिलाओं के पास जीवन बीमा पॉलिसी है, जबकि 76 फीसदी पुरुषों के पास पॉलिसी है। हमेशा से महिलाएं वित्तीय सुरक्षा के मामले में पुरुषों से बेहतर रही हैं।

## भारतीय महिलाएं परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं

पॉलिसी बाजार के सर्वे के अनुसार, 2023-24 में 25 लाख रुपये से अधिक कवरेज वाली हेल्थ पॉलिसी खरीदने वाली महिलाओं की संख्या बढ़कर 24 फीसदी हो गई, जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा 15 फीसदी था। वहीं, दूसरी तरफ 25 लाख रुपये से कम कवरेज वाली हेल्थ पॉलिसी लेने वाली महिलाओं की संख्या में कमी पाई गई है। इससे पता चलता है कि शहर में रहने वाली कामकाजी महिलाएं अपने परिवार को किसी भी परेशानी से बचाने के लिए ज्यादा सतर्क रहती हैं।

## स्टार्टअप्स में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स के मामले में दिल्ली एनसीआर सबसे आगे है। अब तक करीब 2000 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स मिल चुके हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, टेक्निकल सेक्टर्स में महिलाओं द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स की हिस्सेदारी 18 फीसदी से अधिक है, जबकि फंडिंग स्टार्टअप्स में महिला एंटरप्रेन्योर्स की भागीदारी 14 फीसदी से ज्यादा है। वहीं, भारत में महिला एंटरप्रेन्योर्स द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप्स की संख्या 8,000 से अधिक हो चुकी है।

## MSMEs में बढ़ी महिला कर्मचारियों की भागीदारी


एक सर्वे से पता चला है कि महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने पुरुषों की तुलना में 11 फीसदी अधिक महिला कर्मचारियों को रोजगार दिए हैं। वुमेन लीडरशिप वाले स्स्स्ध्य में नौकरी पाने वालों में से एक-तिहाई महिलाएं हैं। केवल रोजगार देने के मामले में महिला एंटरप्रेन्योर्स आगे नहीं हैं, बल्कि उनके द्वारा संचालित MSMEs की मंथली इनकम में भी 12% की वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि महिला एंटरप्रेन्योर्स न केवल आर्थिक रूप से आगे बढ़ रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी नए रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं।

## घर खरीदने में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

एनारॉक द्वारा जुलाई-दिसंबर 2023 के बीच किए गए सर्वे से पता चला कि 78 फीसदी भारतीय महिलाएं घर अपने रहने के लिए खरीदती हैं, जबकि केवल 22 फीसदी महिलाएं इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में देखती हैं। वहीं, साल 2021 में हुआ सर्वे बताता है कि 74 फीसदी महिलाएं रहने के लिए घर खरीदी थीं, जबकि 26 फीसदी ने निवेश के रूप में लिया था। हालांकि, अब महिलाएं रियल एस्टेट में इन्वेस्ट करने में रुचि दिखा रही हैं और साल दर साल उनकी संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है।







# कुर्ता स्कर्ट नहीं अब ट्राई करें ये 4 लेटेस्ट शर्ट स्कर्ट ड्रेसेस, दिखेंगी खूबसूरत

**अगर आप अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इन खूबसूरत शर्ट और स्कर्ट सेट को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। यह सभी ड्रेस आपके लुक को एलिगेंट टच देने में मदद करेगी। इन आउटफिट को पहनकर आप ना सिर्फ स्टाइलिश लुक क्रिएट करेंगी, बल्कि यह आउटफिट आपको कंफर्ट महसूस कराएगा।**

## पार्व बेज शर्ट स्कर्ट

अगर आप भी अपने लुक में कुछ बदलाव करना चाहती हैं और लेटेस्ट ट्रेंड को फॉलो करना चाहती हैं, तो फैशन की इस दुनिया में आप भी इस खूबसूरतपार्व बेज शर्ट स्कर्ट सेट को ट्राई कर अपने लुक को डिफरेंट और मॉडर्न बना सकती हैं। यह स्कर्ट और शर्ट की डिजाइन आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी और आपको यूनिक लुक देने में मदद भी करेगी। इन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

## कॉटन स्कर्ट के साथ हरी जूट शर्ट

अगर आप कुछ यूनिक और डिफरेंट ट्राई करने का सोच रही है, तो अब आपको ऑउटफिट को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस तरह की खूबसूरतकॉटन स्कर्ट के साथ हरी जूट शर्ट सेट को ट्राई कर सकती है। इस ड्रेस को आप किसी भी फंक्शन में पहनकर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। यह आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल जाएगी।

## स्कर्ट के साथ लाइम ग्रीन प्रिंट शर्ट

यही नहीं अगर आप भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो अब आप इसस्कर्ट के साथ लाइम ग्रीन प्रिंट शर्टसेट को ट्राई कर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। इसे पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। इस तरह का आउटफिट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकता है। इसके साथ आप एसेसरीज भी शामिल कर अपने लोग को कंप्लीट कर सकती हैं।

## लैवेंडर स्कर्ट विद शर्ट

आप चाहें तो इस तरह केलैवेंडर स्कर्ट विद शर्ट को भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप हसीना की तरह लगेंगी। इस ड्रेस में आपको देखकर आपके सभी दोस्त खुश हो जाएगा और आपकी तारीफ करने पर मजबूर हो जाएंगे। आप इस ड्रेस को बनवा सकती हैं या इसे ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप एक्सेसरीज और खूबसूरत हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।





# अल्फा फीमेल क्या होती है? कैसे होती हैं ये अलग ...क्या होती है इनकी खासियत

**आपने अल्फा मेल के बारे में तो खूब सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी अल्फा फीमेल के बारे में सुना है? अल्फा फीमेल अन्य महिलाओं के काफी अलग होती हैं। इनकी खासियत सुनकर आपको भी विश्वास नहीं होगा।**

हाल ही में एक्टर मनोज बाजपेई ने अपनी मां को अल्फा फीमेल कहा है। अब तक आपने अल्फा मेल के बारे में तो जरूर सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी अल्फा फीमेल के बारे में सुना है। अल्फा वुमन...अंग्रेजी में इस शब्द का इस्तेमाल सुपर वुमन के लिए किया जाता है। इस तरह की महिलाओं को इतना गुणवान माना जाता है, जिनकी तारीफें कितनी भी कर लो, कम ही है। अल्फा फीमेल बहुत ही खास होती हैं। इस तरह की महिलाएं दूसरों पर निर्भर नहीं रहतीं। अल्फा फीमेल स्मार्ट सोच वाली होती हैं और हमेशा आगे बढ़ने के बारे में सोचती हैं। आइए जानें, आखिर अल्फा फीमेल कैसे होती हैं? अल्फा फीमेल की खासियत क्या होती है?

## अल्फा फीमेल क्या होती है?

कई अध्ययनों ने अल्फा फीमेल शब्द को जन्म दिया है। ये महिलाएं अन्य महिलाओं की तुलना में काफी अलग होती हैं। इनमें सबसे अलग कुछ करने का जज्बा होता है। ऐसी महिलाएं बहुत ही तेज-तर्रार और आत्मविश्वासी होती हैं। इनके अंदर बहुत ज्यादा कॉन्फिडेंस होता है। इनके अंदर कुछ अलग खासियत होती है।

## बिना सहारे के बढ़ती हैं आगे

अल्फा फीमेल अपने आप में बहुत ही मजबूत होती हैं। उन्हें आगे बढ़ने के लिए किसी की भी जरूरत नहीं होती। अल्फा फीमेल अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को बहुत अच्छे से बैलेंस करना भी जानती हैं। ऐसी महिलाएं अपने हर रोल को बखूबी निभाना जानती हैं।

कूट-कूट के भरा होता है आत्मविश्वास

आत्मविश्वास के मामले में ये महिलाएं बहुत आगे होती हैं। इनमें आत्मविश्वास भर-भरकर होता है। अल्फा वुमन अपना हर काम बिना किसी सपोर्ट के भी पूरे आत्मविश्वास के साथ करती हैं।

## सकारात्मक सोच रखती हैं

अल्फा वुमन हर चीज को लेकर एक सकारात्मक सोच रखती है। हर कंडीशन में डटकर खड़े रहना इनकी खासियत होती है। इन्हें हार मानना जल्दी आता ही नहीं है।

## परिश्रमी से नहीं घबरातीं

अल्फा फीमेल की एक बड़ी खासियत है कि वह कभी भी परिश्रम से नहीं डरती। वह अपने हर काम को पूरी लगन के साथ करती है। इनके अंदर हर काम को लगन से करने की इच्छा होती है।

## मुंह पर बोलती हैं

अल्फा फीमेल को धोखेबाजी करनी नहीं आती। इनके दिल में जो होता है, वहीं इनके मुंह पर भी होता है। कई बार इनकी बातों से लोगों का दिल भी दुख जाता है, लेकिन ये सीधी बात करना ही जानती हैं। इनके दिल में कोई छल नहीं होता।



# जंग में हर दिन 6000 करोड़ खर्च कर रहा इजराइल

## ईरान से जंग की वजह से जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान गिरकर 3.6% हुआ

एजेंसी

तेल अवीव, ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष सिर्फ सैन्य नहीं, अब आर्थिक संकट में भी बदलता जा रहा है। पूर्व इजराइली रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल रीम एमीनाक के मुताबिक, इजराइल का रोजाना युद्ध लड़ने में 725 मिलियन डॉलर (करीब ?6,000 करोड़) खर्च हो रहा है। इसमें केवल मिसाइल, जेट ईंधन, बमबारी और सैनिक तैनाती जैसे सीधे खर्च शामिल हैं। पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान और प्रोडक्टिविटी में गिरावट को भी जोड़ा जाए, तो असल खर्च इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। इजराइली वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3% से घटाकर 3.6% कर दिया है। वहीं, 2025 में पहले से तय बजट घाटे की सीमा 4.9% से बढ़ सकती है। 13 जून को ईरान पर अटैक के बाद पहले दो दिन में इजराइल का खर्च 1.45 अरब डॉलर (करीब 12,500 करोड़



रूपए) तक पहुंच गया था। इसमें से 593 मिलियन डॉलर (करीब ?5 हजार करोड़) बमबारी और जेट ईंधन और बाकी रक्षा संचालन में गए। इजराइल के वित्त मंत्रालय ने 2025 के लिए जो बजट घाटे की सीमा तय की थी, वह जीडीपी का 4.9% यानी लगभग 27.6 अरब डॉलर थी। लेकिन यह अनुमान ईरान के साथ नया युद्ध शुरू होने से पहले का था। अब इजराइल का बजट घाटा और बढ़ सकता है। वहीं, इजराइल का रक्षा बजट पहले ही गाजा युद्ध में काफी खर्च हो चुका है। इसी वजह से वित्त मंत्रालय ने 2025 में ऋऊढ ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3% से घटाकर 3.6% कर दिया है।

इजराइल का रक्षा बजट 2023 के 15 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में 31 अरब डॉलर हो गया है, जो जीडीपी का लगभग 7% (दुनिया में यूक्रेन के बाद सबसे ज्यादा) है। इससे स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे अहम क्षेत्र पिछड़ सकते हैं। इस युद्ध में अब तक ईरान 400 से अधिक मिसाइलें दाग चुका है,

जबकि इजराइल ने 120 लॉन्चर तबाह करने का दावा किया है। इजराइल की मिसाइल डिफेंस सिस्टम भी अब थकने लगे हैं। अमेरिका से नए डिफेंस सिस्टम मिलने की उम्मीद की जा रही है। साथ ही इजराइल अमेरिका से मिलने वाले फंड को बढ़ाने की भी मांग कर सकता है। फायर पावर वेबसाइट के अनुसार अमेरिका हर साल इजराइल को आयरन डोम और एयरो डिफेंस सिस्टम के लिए 4500 करोड़ रुपए की मदद देता है। अमेरिका की ओर से इजराइल को हर साल सैन्य मदद के रूप में लगभग 30 हजार करोड़ रुपए अलग से दिए जाते हैं। इस मदद को इजराइल फंड कहा जाता है। इस युद्ध के वैश्विक असर भी दिखने लगे हैं।

कच्चे तेल के दाम 5% तक बढ़ गए हैं और ब्रेंट क्रूड 74.60 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। वहीं, एस एंड पी 500 और एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट आई है।


जल मार्गों पर खतरे से ऊर्जा आपूर्ति पर भी असर पड़ा है।

# करनाल का बेटा यूएसए आर्मी में बना सार्जेंट

## पढ़ाई के साथ स्टोर कीपर की जॉब भी की; पिता बोले-बेटे ने सपना पूरा किया

एजेंसी

करनाल, करनाल के गोरगढ़ गांव का बेटा आशीष यूएस आर्मी में सार्जेंट के पद पर प्रमोट हुआ है। प्रमोशन के बाद अब वह 12 सप्ताह की ट्रेनिंग पर हैं। आशीष स्टडी वीजा पर अमेरिका गया था और वहां पर स्टडी के दौरान ही आर्मी में ई-1 रैंक पर भर्ती हुआ और आज वह ई-5 रैंक तक पहुंच चुका है। हरियाणा के छोरे की यूएस आर्मी में प्रमोशन से परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। आशीष के पिता की खुशी का ठिकाना नहीं है और सोशल मीडिया पर भी आशीष की फोटो लगातार वायरल हो रही है और बधाइयों का सिलसिला चला हुआ है।




22 वर्षीय आशीष, करनाल जिला के गोरगढ़ गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता सुरेश कुमार इंद्री में बरसालू के एक प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं और किसानी भी करते हैं। आशीष 12वीं कक्षा के बाद स्टडी वीजा पर अगस्त-2021 में अमेरिका चला गया था। जिसके लिए परिवार ने अपने बजट से करीब तीन लाख रुपए खर्च किए थे। उसने अमेरिका के सेंट लुइस में यूनिवर्सिटी ऑफ मिस्सोरी सेंट लुइस में बेचलर ऑफ साइबर सिक्योरिटी में एडमिशन लिया। वहां पर उनके गांव के युवक भी रहते हैं, जिन्होंने काफी हेल्प भी की। फर्स्ट ईयर में आशीष ने कहीं पर काम नहीं किया, उसने अपनी स्टडी पर ही ध्यान दिया। द्वितीय वर्ष के दौरान आशीष ने स्टडी के साथ स्टोर कीपर की जॉब भी की, ताकि वह अपना कुछ खर्च निकाल सके। इसी दौरान दिसंबर-2022 में आशीष की पीआर हो गई। जिससे परिवार की खुशी ओर भी ज्यादा बढ़ गई। आशीष का सपना था कि वह आर्मी में जाए, वह देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना चाहता था। वह थर्ड ईयर में हुआ तो उसने यूएस आर्मी के लिए अप्लाई कर दिया। परिवार के मुताबिक, यूएस में आर्मी के लिए वैकेंसी नहीं निकलती, वहां पर फॉर्म अप्लाई करना होता है और योग्यता के हिसाब से आर्मी में सलेक्शन हो जाता है। फरवरी-2024 में आशीष यूएस आर्मी में ई-1 रैंक पर भर्ती हो गया। आशीष पढ़ने में बहुत होशियार था और प्रमोशन के लिए कोर्स क्लियर करता रहा। उसे करीब डेढ़ साल ही हुआ होगा, वह आज ई-5 रैंक तक पहुंच चुका है। उसकी आगे की पढ़ाई भी आर्मी के माध्यम से ही हो रही है। सुरेश बताते है कि मैने यूएस आर्मी की ई-1 से ई-5 रैंक लिस्ट ऑनलाइन चेक की है।

# पाक आर्मी चीफ मुनीर आतंकी ठिकानों की मरम्मत करा रहे

## 40 करोड़ का फंड जारी किया; भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन्हें तबाह किया था

एजेंसी

इस्लामाबाद, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई की रात को पाकिस्तान और पीओके के अंदर मौजूद कई आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में तबाह कर दिया था। इनमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। अब, पाकिस्तान आर्मी उसे फिर से ठीक करा रही है। पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को रिस्टोर के लिए अब तक 40 करोड़ रूपए का सरकारी फंड जारी किया है। यह फंडिंग उन मदरसों और मस्जिदों तक भी पहुंच रही है जिनका सीधा संबंध लश्कर और जैश जैसे संगठनों से रहा है। पाक आर्मी चीफ मुनीर ने मरकज सुब्हान अल्लाह परिसर, बिलाल मस्जिद, उम्मुल कुर्रा, जामिया दावा इस्लामी मदरसा व भारतीय हमलों में तबाह हुए अन्य आतंकी ठिकानों को रिपेयर करने की डेडलाइन 31 जून तय की है। दरअसल, 1 जुलाई से पाकिस्तान में मदरसे खुलेंगे। पहले मदरसे 20 जून से खुलने थे, लेकिन इनके ठीक न हो पाने के चलते मदरसे खुलने की तारीख बदल दी गई है। मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है। वह खुद इन कामों की निगरानी कर रहे हैं। जिससे साफ है कि पाक अपने यहां पाले गए आतंकवाद को फिर खड़ा कर रहा है।





बहावलपुरः यहां के मरकज सुभान अल्लाह परिसर पर भारत ने जैश-ए-मोहम्मद के अड्डे को लक्ष्य कर मिसाइलें दागीं थीं। इसे आतंकी मसूद अजहर का गढ़ माना जाता है। 13 आतंकी मारे गए थे। इसके निर्माण को 14 करोड़ मिले हैं। मुरीदकेः यह लश्कर-ए-तैयबा का गढ़ रहा है। यहां के 27 हेक्टेयर परिसर को भारत ने निशाना बनाया था। हमले में इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसे ठीक करने के लिए मुनीर ने 15 करोड़ रुपए की फंडिंग दिलवाई है। मुजफ्फराबादः यहां आतंकियों का ट्रेनिंग कैंप बिलाल मस्जिद था। यह तबाह हो गया था। 11 करोड़ रुपए की फंडिंग मिलने के बाद पुनर्निर्माण शुरू हो गया है। यहां मारे गए आतंकियों के परिजनों को भी पाकिस्तानी सेना ने मदद की है। ये एयरबेस इंटरनेशनल बॉर्डर से करीब 200 किलोमीटर दूर है। भारत ने जैकोबाबाद एयरबेस के हैंगर को निशाना बनाया। हैंगर वो जगह होती है जहां एयरक्राफ्ट की मरम्मत और रखरखाव होता है। 11 मई की इस तस्वीर में दिखता है कि हैंगर को नुकसान पहुंचा और उसके पास मलबा पड़ा है। 30 अप्रैल की पुरानी तस्वीर में स्ट्रक्चर ठीक-ठाक दिख रहा था। ये पाकिस्तान का नया एयरबेस है जो 2017 में चालू हुआ था। भारत ने स्ट्राइक के दौरान भोलारी एयरबेस के हैंगर पर हमला किया, जिससे उसकी छत को बड़ा नुकसान हुआ। 27 अप्रैल की सैटेलाइट फोटो में ये हैंगर पूरी तरह सही सलामत दिख रहा था। ये एयरबेस सिंध प्रांत में है और पाकिस्तान की सदर्न एयर कमांड इसे ऑपरेट करती है। 10 मई की तस्वीरों में साफ दिखता है कि स्ट्रक्चर को भारी नुकसान हुआ और आसपास मलबा फैला है। इसके पास में जली हुई घास और जमीन पर काले निशान हैं, जो शायद हमले के बाद लगी आग के कारण हुए।

# पाकिस्तान ने फिर माना-भारत ने नूर खान-शोरकोट एयरबेस तबाह किए

## कहा- सऊदी प्रिंस का फोन आया था, फिर उन्होंने भारत से बात की

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार माना है कि भारत ने उनके दो बड़े एयरबेस नूर खान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया था। डार ने जियो न्यूज पर खुलासा करते हुए बताया कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तान जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा स्ट्राइक कर दी और नूरखान-शोरकोट एयरबेस को निशाना बनाया। इससे पहले पाकिस्तान सरकार और सेना



ने भारत के हमले की बात को नकारा था। हालांकि, कुछ समय बाद पाकिस्तानी शहबाज शरीफ ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी है। वहीं, डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही।

उन्होंने कहा कि, '6-7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। 1. भारत ने हमारे 2 बड़े एयरबेस पर हमला किया इशाक डार ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हमारी बात हो गई थी। उन्होंने फोर्सेज को रेडी रहने को कह दिया था। सब डिसाइड हो गया था कि हमें क्या रोलआउट करना है। हम भारत पर सुबह 4 बजे के बाद बड़ा हमला करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही भारत ने रात के ढाई बजे दोबारा हरकत कर दी और उन्होंने नूरखान, शोरकोट एयरबेस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया।

# आकाशीय बिजली का कहर

## उत्तर प्रदेश में बीजेपी नेता और चार बच्चों समेत 5 लोगों की मौत



एजेंसी

पिछले कुछ दिनों में मौसम ने जोरदार करवट ली है। तेज हवाएं और रह रह कर बारिश हो ही है। आसमान में तेज बिजली भी चमक रही है। मौसम की मार से लोग काफी ज्यादा परेशान है। कौशांबी जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सराय अकिल थाने के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि जुगराजपुर गांव के चार बच्चे- सतीश कुमार (13), मनी (13), पवन दास और दीपांजलि बकरियां चरा रहे थे। इस दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और चारों बच्चे इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि झुलस गए इन बच्चों को परिजन तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सतीश और मनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि पवन और दीपांजलि को प्राथमिक उपचार के बाद खतरे से बाहर बताया गया है। अधिकारी के अनुसार इस घटना की जानकारी आपदा प्रबंधन विभाग को भेज दी गई है और मृतक बच्चों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दूसरी घटना कौशांबी थाना क्षेत्र के तारा का पूरा गांव की है। क्षेत्राधिकार अभिषेक

**पिछले कुछ दिनों में मौसम ने जोरदार करवट ली है। तेज हवाएं और रह रह कर बारिश हो ही है। आसमान में तेज बिजली भी चमक रही है। मौसम की मार से लोग काफी ज्यादा परेशान है। कौशांबी जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई।**

सिंह ने बताया कि तारा का पुरा गांव में तीन बच्चे- गोविंद (15), रूपा देवी (12) और मोहित (10) भैंस चराने गए थे, तभी आकाशीय बिजली गिर गई और तीनों बच्चे झुलस गए। सिंह ने बताया कि गोविंद की मौके पर ही मौत हो गई तथा रूपा की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मोहित का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इससे पहले मथुरा के कृष्णा नगर इलाके में भारी बारिश के दौरान छत से बारिश का पानी साफ करते समय बिजली गिरने से 40 वर्षीय भाजपा नेता की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक भूषण वर्मा ने बताया कि मृतक, कृष्णा नगर भाजपा मंडल के सेक्टर प्रभारी बलराम सिंह, मंगलवार शाम को आंधी के दौरान छत पर जमा पानी को निकालने की कोशिश कर रहे थे, तभी बिजली गिर गई। वर्मा ने बताया, उनकी चीख सुनकर परिवार के सदस्य छत पर पहुंचे और उन्हें बेहोश पाया। रिश्तेदारों और पड़ोसियों के बार-बार प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है : राहुल गांधी

## अमित शाह के बयान पर राहुल गांधी का पलटवार

**राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है, जिसे संजो कर रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे को अंग्रेजी सिखाने की जरूरत है क्योंकि यह एक ऐसे भारत का मार्ग है जो दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जो हर बच्चे को समान अवसर देता है।**

एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह के अंग्रेजी को लेकर दिए बयान के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाषा कोई बाधा नहीं बल्कि एक पुल है जो हर बच्चे को समान अवसर प्रदान करती है, हालांकि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहता कि गरीब इसे सीखें क्योंकि यह उन्हें सवाल पूछने का अधिकार देता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा



कि भारत की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है, जिसे संजो कर रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे को अंग्रेजी सिखाने की जरूरत है क्योंकि यह एक ऐसे भारत का मार्ग है जो दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जो हर बच्चे को समान अवसर देता है। एक किताब के विमोचन के दौरान शाह ने कहा था कि मैं जो कहता हूं उसे याद रखें और मेरी बात ध्यान से सुनें। वह समय दूर नहीं जब इस देश में अंग्रेजी बोलने वाले लोगों को शर्म महसूस होगी। हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। उनके बिना हम भारतीय नहीं हैं...विदेशी भाषा के साथ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। किसी भी समाज में किसी भी व्यक्ति को कोई भी भाषा या बोली बोलने में शर्म क्यों महसूस होनी चाहिए, इस सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ आरजेडी सांसद मनोज के झा ने कहा, सार्वजनिक जीवन में हर व्यक्ति का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वह भाषाओं के बीच बहन जैसा रिश्ता स्थापित करने में मदद करे। अब इस पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है जितनी आपकी मातृभाषा - क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है - और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो हर बच्चे को बराबरी का मौका दे।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पुलिस की कार और बस की भिड़ंत

## एक सब-इंस्पेक्टर की मौत, छह लोग घायल

**पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को यह दुर्घटना सुबह करीब छह बजे बांगरमऊ थाना क्षेत्र में ह्यकिलोमीटर संख्या 238 के पास हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि अमेठी पुलिस की टीम एक लापता लड़की को लेकर लौट रही थी।**



एजेंसी

उत्तर प्रदेश के उन्नाव के पास आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने चलती बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार सब-इंस्पेक्टर मंजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गएसर्किल ऑफिसर अरविंद कुमार ने बताया कि अमेठी पुलिस की एक टीम लापता लड़की को लेकर लौट रही थी। कार में पुलिसकर्मी और लड़की के परिवार के लोग सवार थे। मृतक की पहचान लखनऊ निवासी सब इंस्पेक्टर मंजीत सिंह के रूप में हुई है। हेड कांस्टेबल प्रदीप तिवारी के सिर में चोट लगने से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पुलिस की कार निजी बस से टकराई

पुलिस टीम को ले जा रही एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार और एक निजी बस के बीच टक्कर होने से 35-वर्षीय एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई और छह घायल हो गए।


# ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने बर्खास्त स्कूल कर्मचारियों को सहायता देने पर लगाई रोक

**कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 की भर्ती प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों की याचिका के बाद नौकरी से निकाले गए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते प्रदान करने के दिशा-निर्देशों को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार के सहायता देने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए जस्टिस अमृता सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते नहीं दे सकती। यह रोक 26 सितंबर तक लागू रहेगी।**

## अदालत के हस्तक्षेप से न केवल भत्ते रुक गए हैं, बल्कि बर्खास्त कर्मचारियों से जुड़े सभी मामले न्यायिक जांच के दायरे में आ गए हैं।

एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार से कहा है कि वह शीर्ष अदालत के आदेश के बाद बर्खास्त किए गए गैर-शिक्षण स्कूल कर्मचारियों को 26 सितंबर तक आर्थिक सहायता न दे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 की भर्ती प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों की याचिका के बाद नौकरी से निकाले गए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते प्रदान करने के दिशा-निर्देशों को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार के सहायता देने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए जस्टिस अमृता सिन्हा ने कहा कि राज्य



सरकार ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते नहीं दे सकती। यह रोक 26 सितंबर तक लागू रहेगी। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद अनियमितताओं के कारण बर्खास्त किए गए लोगों को 25,000 रुपये और 20,000 रुपये भत्ते प्रदान करना भ्रष्टाचार को पुरस्कृत करने के बराबर है। अदालत के इस फैसले को कई लोग ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए झटका मान रहे हैं। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस आदेश से राज्य को अस्थायी तौर पर कई करोड़ रुपये के वित्तीय बोझ से राहत मिली है। अदालत के हस्तक्षेप से न केवल भत्ते रुक गए हैं, बल्कि बर्खास्त कर्मचारियों से जुड़े सभी मामले न्यायिक जांच के दायरे में आ गए हैं। इससे राज्य सरकार को अपने रुख को अच्छे इरादे और कानूनी बाधाओं के बीच संघर्ष के रूप में पेश करने का मौका मिल सकता है - एक ऐसा कथानक जिसका इस्तेमाल वह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले संभावित रूप से कर सकती है। यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश से उपजा है, जिसमें 2016 के एसएससी पैनल के लगभग 26,000 उम्मीदवारों की नियुक्तियाँ रद्द कर दी गई थीं, जिनमें ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के कर्मचारी शामिल थे।